''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 85 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 27 मार्च 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## गैर कानूनी तरीके से युवाओं को विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गैर कानूनी तरीकों के माध्यम से युवाओं को विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ प्रदेश सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। अब तक 127 मामले दर्ज कर 102 एजेंटों के खिलाफ एक्शन लिया गया है। आठ ट्रैवल एजेंट को गिरफ्तार भी किया गया है। मुख्यमंत्री आज यहां विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान लाये गए हरियाणा ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण और विनियमन विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ट्रैवल एजेंटों की पारदर्शिता, उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने और उनकी अवैध गतिविधियों की जांच और उन पर अंकुश लगाने सहित युवाओं को उनके शोषण से बचाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में पारित होने वाले इस विधेयक को लेकर विपक्ष की क्या मंशा है इस बारे में तो उन्हें पता नहीं, लेकिन प्रदेश सरकार की मंशा स्पष्ट है कि युवाओं को गलत तरीके से विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण विधेयक का विषय युवाओं से जुड़ा हुआ है । उन्होंने बताया कि सदन में पहले भी यह विधेयक लाया गया था परंतु तीन नए कानून आने के बाद कुछ धाराओं में परिवर्तन हुआ है, इसलिए एक बार फिर से विधानसभा में इस विधेयक को लाया गया है ताकि विधेयक में कड़े प्रावधान सुनिश्चित कर युवाओं को शोषण से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि विदेश जाने के लिए युवा अपनी जमीन तक बेच देते थे और असुरक्षित तरीके से उन्हें विदेश भेजने का काम किया जाता था। इस विधेयक के कानून बनाने के बाद ऐसी गैर कानूनी प्रथा पर अंकुश लगाने में सरकार को कामयाबी



मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सदन को अवगत कराया कि इस विधेयक में मानव तस्करी को लेकर भी प्रावधान किया गया है। अगर कोई मानव तस्करी करने में संलिप्त पाया जाता है तो दोषी को 7 से 10 वर्ष के कारावास की सजा का प्रावधान भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विदेशी सहयोग विभाग का गठन किया गया है जिसके माध्यम से युवाओं को व्यापार, नौकरी या शिक्षा के लिए विदेश में सुरक्षित भेजने का काम किया जाएगा। इस विधेयक को लाने का उद्देश्य सभी ट्रैवल एजेंट्स का पंजीकरण करवाना है ताकि सभी एजेंट नए कानून के नियमों के तहत ही युवाओं को बाहर भेजने का काम करें और सरकार के पास भी सही जानकारी उपलब्ध हो सके। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार ने यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई के दौरान वहां फंसे 23000 युवाओं को सुरक्षित भारत लाने का काम किया।

**जुआ और सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए हरियाणा सार्वजनिक द्यूत रोकथाम विधेयक 2025 सर्वसम्मति से पारित**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में जुआ और सट्टेबाज़ी जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आज विधानसभा में हरियाणा सार्वजनिक द्यूत रोकथाम विधेयक 2025 को सर्वसम्मति से पारित किया गया। नायब सिंह सैनी ने आज विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान लाये गए हरियाणा सार्वजनिक द्यूत रोकथाम विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान सदन को अवगत करवाया कि जुआ और सट्टेबाज़ी से कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। लोगो को इससे बचाने के लिए एक सख्त क़ानून बनाने की आवशयकता है इसलिए यह विधेयक सदन में लाया गया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कई बार जुआ और सट्टेबाज़ी का इस्तेमाल वातावरण बदलने और राजनैतिक लाभ उठाने के लिए भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बिल के माध्यम से मैच फिक्सिंग और स्पॉट फिक्सिंग पर भी लगाम लगेगी। विधेयक के तहत दोषियों के विरुद्ध सख्त सजा के साथ- साथ भारी जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण विधेयक में दोषी की अर्जित संपतति को ज़ब्त करने का प्रावधान भी रखा गया है।

## योग का असर 4-5 दिन में ही दिखने लगता है : योगाचार्य आइना यादव



योगगुरु बाबा रामदेव और क्रिकेट टीम के साथ बाएं योगाचार्य आइना यादव।

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**हरिद्वार।** योग शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाता है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, तनाव कम होता है, और जीवन में संतुलन स्थापित होता है यह कहना है बल्लभगढ शहर के नजदीक मलेरना गांव निवासी एवं पंतजलि यूनिवर्सिटीज हरिद्वार में योगा से बीए फाइनल के बाद योग ग्राम योगा का अभ्यास करा रही आइना यादव का। उन्होंने कहा कि योग का असर 4-5 दिन में ही दिखने लगता है। हालांकि, यह हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग होता है। अगर योग सही तरीके से किया जाए, तो इसका असर जल्दी दिखने लगता है।

आइना यादव ने बताए योग करने के फायदे

शरीर से सुस्ती गायब होने लगती है, धीरे-धीरे स्टेमिना बढ़ने लगती है, चेहरे पर निखार आता है, शरीर की चर्बी भी गायब होने लगती है, मन शांत और प्रफुल्लित रहता है, श्वास-तंत्र सुधारता है, आंत्र को संतुलित करता है, ऊर्जा को बढ़ाने में मदद करता है।

क्या है योग करने का तरीका:

योग विशेषज्ञ से बात करके अपने शरीर के अनुसार इसका समय तय करें, खाना खाने के कम से कम 2 घंटे बाद ही योग करें, योगाभ्यास संतुलन बनाकर ही करें, योगिक सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, मुद्रा-बंध और अंत में ध्यान का अभ्यास करें।

## अनाज का उठान और सबको राशन समय पर मिले : राजेश नागर

### खाद्य पूर्ति अधिकारियों के साथ मीटिंग में मंत्री राजेश नागर ने दिए निर्देश

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के खाद्य एवं पूर्ति मंत्री श्री राजेश नागर ने आज चंडीगढ़ में विभाग के संबद्ध अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी की फसल का समयबद्ध ढंग से उठान एवं उनके खरीद की तैयारियां जल्द से जल्द पूरी कर ली जाए। इसके अलावा उन्होंने राशन आपूर्ति में भी जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न आने देने के निर्देश दिए।



मंत्री श्री राजेश नागर ने अधिकारियों से कहा कि वह गोदाम में गेहूं के वजन में आने वाली शिकायतों को तुरंत प्रभाव से दूर करें और यह भी तय करें कि गेहूं और बाजरा पूरी तरह से सूखा कर ही राशन डिपो तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ऐसी व्यवस्था बनाएं कि राशन मिलने के बाद उपभोक्ता के मोबाइल पर मैसेज या ओटीपी आए जैसे कि एलपीजी और बैंक के ट्रांजैक्शन के समय आते हैं। उन्होंने कहा कि किसी राशन डिपो की सप्लाई रोकनी पड़े तो उसके नजदीकी डिपो को उसकी सप्लाई दी जाए। इसके अलावा उन्होंने किसी भी डिपो को दो से ज्यादा सप्लाई न देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन जिन डिपो को मंजूरी दी जानी है, उन पर जल्द निर्णय करें। बैठक में खाद्य पूर्ति विभाग के निदेशक श्री राजेश जोगपाल, हैफेड के एमडी श्री मुकुल कुमार के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।




## वार्ड 40: धरातल पर विकास

पार्षद पवन यादव अपने वार्ड में किस कदर सक्रिय हैं, इस बात का जीता जागता उदाहरण है यह तस्वीर। सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर अपने वार्ड को सफाई में नंबर एक बनाना चाहते हैं पवन यादव। अच्छे को अच्छा कहना ही समाचार गेट का काम है। अन्य पार्षद भी लें सबक तो फरीदाबाद बने स्वच्छ भी और स्वस्थ भी। **चित्र: समाचार गेट**




## बत्रा हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा स्पोर्ट्स इंज्यूरी में कूल्हा प्रत्यारोपण पर हुआ सेमिनार





**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** सेक्टर 31 स्थित बत्रा हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉसपिटल में स्पोर्ट्स इंज्यूरी में कूल्हा प्रत्यारोपण, प्रतिलाभ एवं सावधानियों पर एक सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें फरीदाबाद से लगभग 50 फिजियोथेरेपिस्ट और आर्थोपेडिक डॉक्टरों ने भाग लिया। इस अवसर पर हॉसपिटल के वरिष्ठ जोड़ प्रत्यारोपण एवं स्पाइन आर्थोपेडिक सर्जन डॉ हर्ष सिंह ने बताया कि हरियाणा जैसे खेल प्रेमी प्रदेश में खेल के दौरान अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती हैं अत: कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी के उपरांत हम किन स्पोर्ट्स एक्टिविटीज को कर सकते हैं और हमें क्या नहीं करना चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी बताया कि किन व्यायामों द्वारा हम पूर्ण रूप से एवं जल्दी ठीक हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑर्थोपेडिक्स (हड्डी रोग) एक ऐसा क्षेत्र है जो लगातार बदल रहा है। नई तकनीकें और इलाज के नए तरीके हमें मरीजों की बेहतर देखभाल करने में मदद कर रहे हैं।

डॉ हर्ष ने बताया कि डॉक्टर का कार्य सिर्फ सर्जरी तक सीमित नहीं है। बल्कि हमें मरीजों को उनके स्वास्थ्य के बारे में भी सही जानकारी देनी चाहिए। इस सेमिनार में हॉसपिटल के फिजियोथेरेपी विभाग के वरिष्ठ डॉक्टर आदित्य कुमार ने बताया कि सही व उपयुक्त व्यायाम एवं देखभाल से मरीज में जल्दी सुधार होता है। अत: सर्जरी के बाद मरीज को फिजियोथेरेपी अवश्य करानी चाहिए। कार्यक्रम में हॉसपिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ कुलश्रेष्ठ, सर्जन डॉ आर के दुआ विशेष रूप से उपसथित रहे। कार्यक्रम के अंत मे हॉसपिटल के जन सम्पर्क अधिकारी बीरेंद्र गौड़ ने कार्यक्रम में आये हुए सभी डॉक्टरों व मीडिया का धन्यवाद किया।

### हम नाम के अनुरूप लोगों की सेवा में 24 घंटे उपस्थित हैं: पंकज बत्रा



हॉस्पिटल के डायरेक्टर व वरिष्ठ हृदयरोग चिकित्सक डॉ पंकज बत्रा ने बताया कि बत्रा हॉसपिटल फरीदाबाद में नया जरूर है लेकिन हम नाम के अनुरूप लोगों में अपनी वर्षों पुरानी पहचान व विश्वास के माध्यम से चिकित्सा के क्षेत्र में लोगों की सेवा में संलग्न हैं। हमारा स्लोगन ऑनेस्ट केयर है जिसके चलते हम कम खर्च में अच्छे इलाज के लिए दृढ़ संकल्प हैं। आज हमने इस सेमिनार के माध्यम से इस बारे में प्रकाश डाला है कि कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी के उपरांत खिलाड़ी किन स्पोर्ट्स एक्टिविटीज को कर सकते हैं।



# लखनऊ में 8 जान लेने वाली इमारत की जांच पूरी

## हरमिलाप टावर की स्लैब मोटी-बीम कमजोर थी, दो लोगों की जमीन पर रखे थे पिलर

लखनऊ। के ट्रांसपोर्ट नगर में गिरी इमारत की फोरेंसिक जांच पूरी हो गई है। जांच टीम ने LDA को जांच रिपोर्ट सौंप दी है। जांच करने वाली गुजरात की गांधीनगर नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (NFSU) की टीम ने बताया है कि इमारत नक्शे और मानकों के विपरीत बनी थी। जांच में पाया गया कि इस इमारत में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। स्लैब मोटी और बीम काफी कमजोर थी। जांच में ये सब गड़बडियां सामने आने के बाद भी LDA ने बिल्डर या बिल्डिंग मालिक में से किसी को हादसे का जिम्मेदार अब तक नहीं माना। स्लैब को सहारा देने वाली बीम कमजोर थी 2010 में बना हरमिलाप टावर 14 साल यानी 2024 में गिर गया। रिपोर्ट में







बताया गया- बिल्डर ने दो प्लॉटों (54-55) पर इमारत खड़ी की थी। इसमें दो मोटी स्लैब डाली गई थीं, लेकिन उन्हें सहारा देने वाले बीम और पिलर कमजोर थे। बीम की मोटाई मानक के विपरीत होने की वजह से वजन संभाल नहीं पाई। इस तरह पूरा टावर कमजोर ही था। NFSU की रिपोर्ट के मुताबिक, इमारत के निर्माण में घटिया सीमेंट-सरिया का इस्तेमाल किया गया, जिससे इमारत कमजोर हुई। मानचित्र के विपरीत दो प्लॉटों को जोड़कर बिना नियमों का पालन किए बिल्डिंग खड़ी की गई। दस्तावेज में दोनों प्लॉट पर अलग-अलग निर्माण दिखाया गया है। एक प्लॉट का नक्शा कुमकुम सिंघल और दूसरे का सुनीता भाटिया के नाम है। हरमिलाप टावर गिरने पर कारोबारी जसमीत सिंह साहनी (45) एल्डिको ग्रीन गोमतीनगर, पंकज तिवारी (40) रजनीखंड आशियाना, धीरज गुप्ता (48) बंथरा, अरुण सोनकर (28) व राकेश कुमार (32) कृष्णानगर, जगरूप (34) उन्नाव, इंजीनियर रुद्र यादव (25) साउथ सिटी पीजीआई और राजकिशोर (27) की मौत हुई थी। हरमिलाप टावर के ढहने के बाद दो दिन तक सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चला था। ढूंढ-ढूंढकर गंभीर रूप से घायल 32 लोगों को टावर के मलबे से निकाला गया। स्निफर डॉग की मदद से मलबे में लोगों को तलाशा गया। प्रदेश सरकार के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार का मुआवजा देने का ऐलान किया। 7 सितंबर 2024 को सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर में तीन मंजिला हरमिलाप टावर गिरा था। उसी दिन से जांच शुरू हो गई। जांच लगभग 6 महीने में 1 मार्च 2025 को पूरी हो पाई। लेकिन, अब भी बिल्डिंग गिरने का गुनहगार कोई नहीं है। हादसे के बाद सरोजनी नगर थाने में तत्कालीन ट्रांसपोर्ट नगर चौकी इंचार्ज महेश कुमार सिंह की तरफ से FIR दर्ज कराई गई। अभी तक बिल्डर या बिल्डिंग मालिक पर सीधी कार्रवाई नहीं हुई। मामले की जांच सरोजनी नगर इंस्पेक्टर कर रहे हैं। 20 से ज्यादा लोगों के बयान हो गए हैं। हादसे के बाद LDA ने शहर की बहुमंजिला इमारतों के स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट के लिए 8 कंसल्टेंट कंपनियों को चयनित किया है। ये कंपनियां पुरानी और जर्जर इमारतों की पहचान करेंगी। इसके अलावा, छऊअ ने बहुमंजिला भवनों के स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट के लिए इमपेनल्ड इंजीनियरों और कंसल्टेंट्स की सूची जारी की है। इसका प्रस्ताव 13 सितंबर 2024 को हुई 182वीं बोर्ड बैठक में पास हुआ था। स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट की 8 कंसल्टेंट्स कंपनी को चयनित करने के साथ ही सभी जोनल अफसरों और अधिशाषी अभियंताओं को अपने-अपने जोन में ऐसी इमारतों को चिह्नित करने के लिए कहा गया है। कहा गया है कि जो इमारतें पुरानी हैं और उनका ऑडिट होना जरूरी है।

# ढाढा चीनी मिल क्षेत्र में 41 ऑटोमेटिक कैन प्लांटर से हो रही गन्ने की बुआईः करन सिंह

## मजदूरों की समस्या को देखते हुए गन्ने की खेती को कृषि यंत्रों से जोड़ने का चल रहा मिशन

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड ढाढा हाटा द्वारा गन्ने की खेती में मजदूरों की समस्याओं को देखते हुए खेती को कृषि यंत्रों से जोड़ने का मिशन चल रहा है। मिल क्षेत्र में गन्ने की बुवाई 41 ऑटोमेटिक कैन प्लांटर से कराई जा रही है। यह जानकारी हाटा चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह के हवाले से उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता को चीनी मिल में दी है। श्री गुप्ता को बताया कि मिल क्षेत्र के सभी गन्ना कृषको को एटीएसपी के माध्यम से गन्ना कृषि यंत्रो से जोड रही है। जिसका उद्देश्य



गन्ने की खेती में मजदूरो की समस्या को दूर करना, गन्ने की खेती मे उत्पादन लागत को कम करना, गन्ने की औसत उपज बढ़ाकर किसानो में खुशहाली लाना है। अधिशाषी निदेशक ने ओम प्रकाश गुप्ता को बताया कि ढाढ़ा चीनी मिल परिक्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने , चार फीट पर गन्ना बोने से लाभ, पेड़ी गन्ने का वैज्ञानिक प्रबंध, सहफसली खेती का प्रसार करें। जो किसान चार फुट पर गन्ने की बुवाई नहीं किए है। उन कृषको को जो किसान आटोमेटिक केन प्लान्टर से गन्ने की बुवाई किए है, उनका गन्ना फसल दिखाया जाए। जिससे किसान संतुष्ट हो जाए। जिन किसानों के पास 3 नाली बनाने वाले रेजर है यदि वे चाहते है कि एक रेजर निकाल कर चारफुट की दूरी पर सेट कर दिया जाए तो ढाढ़ा चीनी मिल इसमें सहयोग करेगी। ढाढ़ा चीनी मिल को 40 से 50 लाख कुन्तल गन्ने की कमी है। मिल क्षेत्र मे 41 मशीन गन्ने की बुवाई कर रही है।

लाइन से लाइन की दूरी 120 सेमी या 4 फीट है । मशीन से गन्ने की कटाई शीघ्र ही करने जा रहे है। 4 फुट से कम दूरी पर बोए गए गन्ने की कटाई मशीन नही कर सकती है' इसको ध्यान में रखकर चार फुट पर गन्ना बोने पर जोर दिया जा रहा है। चीनी मिल के उप महा प्रबंधक गन्ना डीडीसिंह ने बताया कि एक आंख का टुकड़ा काट कर एक करोड गन्ने का पौधा तैयार कराया जा रहा है।

## लखनऊ यूनिवर्सिटी में छात्रों का हंगामा



**लखनऊ।** राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी को लेकर लखनऊ यूनिवर्सिटी में छात्रों ने हंगामा किया। स्टूडेंट्स ने मंगलवार को गेट-1 पर सपा सांसद के खिलाफ प्रदर्शन किया। सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन का पुतला फूंका। छात्रों ने कहा- सपा नेता हिन्दू विरोधी हैं। छात्रसंघ बहाली मोर्चा के सदस्यों ने सपा नेता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला जलाने के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच झड़प भी हो गई। प्रदर्शन कर रहे छात्र रितिक ने कहा- सनातन धर्म के रक्षक, युवाओं के मार्गदर्शक का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा- हमारी मांग है कि रामजी लाल तत्काल माफी मांगें। अगर वह माफी नहीं मांगते हैं तो सरकार 24 घंटे के अंदर उनके ऊपर सख्त कार्रवाई करे। प्रदर्शन कर रहे छात्रों को हिरासत में लेकर पुलिस ने ईको गार्डन भेज दिया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद रामजी लाल सुमन ने शुक्रवार को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने पर हंगामा मचा हुआ है। उन्होंने कहा था- भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। उन्होंने कहा- आखिर, बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो।

## संक्षिप्त डायरी

### प्रदेश सरकार ने 8 वर्षों में किया



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि से 22 लाख की लागत से निर्मित दो सीसी सड़कों का लोकार्पण विधायक पीएन पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया। बुधवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने क्षेत्र के ग्राम सभा महुई बुजुर्ग में 11 लाख की लागत से निर्मित 120 मीटर सीसी सड़क, ग्रामसभा चौरही उर्फ अजही में 11 लाख की लागत से निर्मित 120 मीटर सीसी रोड का लोकार्पण वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया। विधायक श्री पाठक का स्वागत माल्यार्पण कर किया किया। विधायक श्री पाठक ने भाजपा बूथ अध्यक्षों को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने 8 वर्षों में सुशासन, सुरक्षा और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विधानसभा में विकास कार्य अनवरत जारी रहेगा। विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य हो रहे हैं। क्षेत्र का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मोदी जी की अगुवाई में बनी सरकारविश्व पटल पर भारत को मजबूती मिली है तो मुख्यमंत्री योगी जी की सरकार ने प्रदेश के विकास में विभिन्न योजनाएं संचालित कर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया है।प्रत्येक गरीब व पात्र व्यक्ति को पक्का मकान, हर घर को शौचालय, हर किसान के खेत को पानी, किसान सम्मान निधि, राशन समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजेश राव, आद्या पांडेय, पूर्ण मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, भाजपा नेता संतोष सिंह, अवर अभियंता पी.एन मिश्रा, राज पाठक, शैलेन्द्र, राणा प्रताप राव, धीरज राव, उमेश राव, वशिष्ठ मुनि तिवारी, अमित मालवीय, कमलेश सिंह, अविनाश पांडेय, सभासद सूर्यनाथ यादव, जितेंद्र, रामनवल सिंह, मनोज, लहरी सिंह, संजय राव, आदित्य त्रिपाठी, कुलदीप सिंह, धनंजय तिवारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा की



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवें दिन का शुभारंभ योगाभ्यास से हुआ और स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली शिविर स्थल गड़हियाँ प्राथमिक विद्यालय से होते हुए श्री भगवान महावीर पी.जी. कॉलेज, फाजिलनगर पहुँची। जहाँ स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की। मुख्य अतिथि राजन शुक्ला प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा की बुनियादी पाठशाला है। जहाँ युवाओं को निःस्वार्थ सेवा का पहला पाठ पढ़ने को मिलता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति जागरूक रहने और अपने अनुभवों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि फाजिलनगर पीएनबी के शाखा प्रबंधक अमिताभ रंजन ने विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण की जानकारी दी और विभिन्न क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। सहायक शाखा प्रबंधक एनके मिश्र जिन्होंने भारतीय सेना में भी अपनी सेवाएँ दी हैं ने अपने अनुभव साझा किए। पूर्व बीडीसी सदस्य दीनानाथ यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शिक्षाएँ समाज तक पहुँचनी चाहिए। विशेष आमंत्रित वक्ता डा. विजय पवार ने एनएसएस के बैज के रंगों और विद्यार्थियों की ऊर्जा में समानता स्थापित करते हुए लक्ष्य केंद्रित प्रयास करने की प्रेरणा दी। अध्यक्षता प्रो. कृष्णचंद्र चौरसिया ने की। कार्यक्रम अधिकारी डा. सुकेश पांडेय एवं श्रवण कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। डा .सुकेश पांडेय ने आभार व्यक्त किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रभाकर मिश्र पंकज ने किया।

### रेप के दोषी दिव्यांग व्यक्ति को 11 साल की जेल

**बुलंदशहर।** में एक पुराने रेप केस में न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। एडीजे द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दिव्यांग आरोपी यूनुस को 11 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।मामला 2013 का है। मुरादाबाद निवासी यूनुस ने खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र की एक महिला संध्या के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता एक बच्चे की मां है। आरोपी अपराध के बाद फरार हो गया था। इस मामले में खुर्जा नगर कोतवाली में रेप की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायाधीश वरुण कुमार निगम की अदालत में 11 साल बाद इस मामले का फैसला आया।

## बस्ती में जुमार्ना न भरने पर कार्रवाई डॉक्टर की 86 वर्गमीटर जमीन की कुर्की



**बस्ती।** के बेलवाडाड़ गांव में प्रशासन ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई की। कोर्ट द्वारा लगाए गए 50 हजार रुपये के जुमार्ने को न भरने पर डॉ. प्रेम नारायण की 86 वर्गमीटर जमीन को कब्जे में ले लिया गया। नायब तहसीलदार स्वाती सिंह के अनुसार, डॉ. प्रेम नारायण ने न्यायालय में एक वाद दाखिल किया था। न्यायालय ने इस वाद को खारिज कर दिया। इसके बाद डॉक्टर ने फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय में निगरानी दाखिल की। 18 जनवरी 2025 को कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद निगरानी खारिज कर दी। साथ ही डॉ. प्रेम नारायण पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। उन्हें 10 दिन के भीतर यह राशि जमा करनी थी। नोटिस किया गया था जारी जुमार्ना न भरने पर कोर्ट ने जिलाधिकारी को राजस्व वसूली का आदेश दिया। एसडीएम बस्ती सदर ने डॉक्टर को नोटिस जारी किया, लेकिन वे राशि जमा नहीं कर पाए। प्रशासन ने उनके बैंक खातों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया।

# कैम्प में 60 का हुआ एक्सरे,7 सम्भावित के बलगम नमूने हुए एकत्रित

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार को स्थानीय सीएचसी के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर गोपालगढ़ के प्राथमिक विद्यालय सबया में कैम्प लगाकर आसीएमआर संस्था द्वारा पोर्टटेबल एक्सरे मशीन से 60 व्यक्तियो का डिजिटल एक्सरे किया गया। जिसमें सात टीबी के लक्षण वाले सम्भावित व्यक्तियों के बलगम के नमूने भी जाँच हेतु एकत्रित किये गये। वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जन जन को टीबी रोग के प्रति जागरूक करना है।तभी हम




टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बना सकते है तथा प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत 2025 के सपने को साकार कर सकते है। श्री मिश्र ने बताया कि बलगम वाली खाँसी आये,बलगम में खून आना,शाम को बुखार हो, सीने में दर्द हो,वजन में गिरावट आये, शरीर के किसी भी हिस्से में गाँठ हो तो तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर सम्पर्क कर अपनी जाँच करवाये। जाँच एवं उपचार निःशुल्क है तथा यदि कोई टीबी का मरीज निकलता है तो उसे उपचार के साथ प्रतिमाह एक हजार रुपये का पोषण भत्ता भी दिया जा रहा है। इस दौरान सीएचओ पूनम भारती, संगिनी सुमित्रा देवी, आशा गीता देवी, मीना देवी, रिम्पू देवी, आसीएमआर टीम के डॉ शैलेन्द्र कुमार, आशुतोष त्रिपाठी, प्रिंस यादव, सुधाकर राय, आकाश कुमार, रवि चौहान, सैम्पल ट्रांसपोर्टर धनश्याम प्रसाद उपस्थित रहे।

# योगी पर बनने वाली फिल्म का फर्स्ट लुक

## इसी साल रिलीज होगी, परेश रावल का डायलॉग- वो कुछ नहीं चाहता था, जनता ने सरकार बना दिया

**उत्तर प्रदेश।** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर बनने वाली फिल्म अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी का पहला लुक बुधवार को सामने आ गया है। यह एक बायोपिक है। बड़े पर्दे की यह फिल्म सम्राट सिनेमैटिक्स के बैनर तले बन रही है। वीडियो में योगी आदित्यनाथ की बदलती जिंदगी की एक झलक है, जो उनके आध्यात्मिक और राजनीतिक मार्ग को आकार देने वाले फैसलों को दशार्ती है। इस फिल्म में योगी आदित्यनाथ के शुरूआती साल, नाथपंथी योगी बनने का उनका फैसला और उत्तर प्रदेश के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को बदलने वाले नेता के रूप में उनका विकास दिखाया जाएगा।फिल्म सम्राट सिनेमैटिक्स के बैनर तले ऋतु मेंगी ने प्रोड्यूस की है, जबकि इसका निर्देशन रवींद्र गौतम ने किया है। यह फिल्म शांतनु गुप्ता की बेस्टसेलिंग किताब द्यद मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टरद्ध से प्रेरित है। फिल्म में ड्रामा, इमोशन, एक्शन






और बलिदान का शानदार मिश्रण देखने को मिलेगा।योगी के रोल में नजर आए अनंत जोशी फिल्म में अनंत जोशी ने योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है। परेश रावल गुरु महंत अवेद्यनाथ के रोल में हैं। दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', अजय मेंगी, पवन मल्होत्रा, राजेश खट्टर और गरिमा सिंह भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में इसी साल रिलीज की जाएगी, हालांकि अब तक इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। फिल्म के मोशन पोस्टर में अभिनेता अनंत जोशी को भगवा वस्त्रों में दिखाया गया है, जो सांसारिक जीवन त्यागकर सेवा का संकल्प लेते हैं। बैकग्राउंड में परेश रावल की आवाज सुनाई देती है- 'वो कुछ नहीं चाहता था, सब उसको चाहते थे। जनता ने उसको सरकार बना दिया।' क्या खास होगा फिल्म में? योगी आदित्यनाथ के बचपन से लेकर मुख्यमंत्री बनने तक के संघर्षों को दिखाया जाएगा। फिल्म में ड्रामा, इमोशन, एक्शन और बलिदान का शानदार मिश्रण होगा। यह बायोपिक दर्शकों को राजनीति, धर्म और समाज के बदलते समीकरणों से भी परिचित कराएगी।इन राजनेताओं की जिंदगी पर भी बन चुकी हैं फिल्में यह पहली बार नहीं है कि किसी राजनेता की जिंदगी पर बायोपिक बनाई जा रही है। इससे पहले कई नेताओं की जिंदगी की कहानी को पर्दे पर दशार्या गया है, जिनमें इंदिरा गांधी से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक का नाम शामिल है। हाल ही में फिल्म इमरजेंसी रिलीज हुई थी। इसमें कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी। खास बात यह है कि कंगना ने इस फिल्म के जरिए बतौर निर्देशक भी अपने करियर की शुरूआत की। कंगना के अलावा फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, विशाल नायर, मिलिंद सोमन और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी नजर आए। द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर- 2019 में आई द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में अनुपम खेर ने मनमोहन सिंह का किरदार निभाया था तो वहीं सोनिया गांधी का रोल सुजैन बर्नट ने निभाया। फिल्म में राहुल गांधी की भूमिका में अर्जुन माथुर और प्रियंका गांधी के रोल में अहाना कुमरा थे। यह फिल्म संजय बारू की किताब पर बनी थी।पीएम नरेंद्र मोदी- पीएम मोदी की जिंदगी पर बनी फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। इसमें पीएम मोदी के चाय बेचने से लेकर प्रधानमंत्री बने तक के सफर को दिखाया गया है। विवेक ओबेरॉय ने इसमें नरेंद्र मोदी की भूमिका निभाई।

## संपादकीय

# हिंदुओं को एक करने का प्रयास करता आरएसएस



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

वैश्विक स्तर पर इन विपरीत परिस्थितियों के बीच सनातनी हिंदुओं द्वारा भारत के प्रयागराज में एक महाकुम्भ का आयोजन शांतिपूर्वक एवं अति सफलता से सम्पन्न किया जाता है। इस महाकुम्भ में पूरे विश्व से सनातनी हिंदू एवं अन्य धर्मों के अनुयायी 66 करोड़ से अधिक की संख्या में पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। इन 66 करोड़ धर्मावलमबियों के बीच किसी भी प्रकार का असहयोग एवं किसी भी स्तर पर असहमति नहीं दिखाई देती है। जाति, पंथ, मत, प्रांत, भाषा आदि के नाम पर किसी भी प्रकार का विरोध दिखाई नहीं दिया, बस सभी धर्मावलंबी अपने आप को केवल और केवल सनातनी हिंदू कहते हुए दिखाई दिए हैं। ऐसा आभास हो रहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा इस संदर्भ में पिछले 100 वर्षों से किए जा रहे प्रयास अब सफल होते दिखाई दे रहे हैं।

अब लगभग पूरा विश्व ही यह मानने लगा है कि वैश्विक स्तर पर लगातार पनप रही अशांति का हल केवल भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन से ही सम्भव है। इसी संदर्भ में दिनांक 21 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक बंगलूरू में सम्पन्न अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिंदू समाज का निर्माण विषय पर एक प्रस्ताव पास किया है। इस प्रस्ताव में यह कहा गया है कि अनंत काल से ही हिंदू समाज एक प्रदीर्घ और अविस्मरणीय यात्रा में साधनारत रहा है, जिसका उद्देश्य मानव एकता और विश्व कल्याण है। तेजस्वी मातृशक्ति सहित संतो, धर्माचार्यों तथा महापुरुषों के आशीर्वाद एवं कर्तृत्व के कारण हमारा राष्ट्र कई प्रकार के उतार चढ़ावों के उपरांत भी निरंतर आगे बढ़ रहा है। अर्थात सनातन संस्कृति के संस्कारों की आज के संदर्भ में परख करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह संस्कार हिंदू देवी देवताओं द्वारा समाज के भले के लिए ही लागू किये गए हैं और हजारों वर्षों से भारतीय हिंदू समाज इनका सफलतापूर्वक अनुसरण करता आया है। समय की कसौटी पर सदैव ही यह खरे उतरे हैं। अत: आज भी सनातन हिंदू संस्कारों की प्रासंगिकता बनी हुई हैं। इन्हीं संस्कारों के चलते भारत सदैव से ही वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना को आत्मसात करता आया है। भारत के लिए तो पूरा विश्व ही अपना परिवार है, फिर क्यों एक दूसरे से झगड़ा करना। बल्कि, भारत में तो विश्व के कोने कोने से अन्य धर्मावलंबी भी आकर आसानी से रच बस गए हैं एवं सनातन संस्कृति में समा गए हैं। जैसे, कुषाण, शक, हूण, पारसी, आदि। पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा राष्ट्र है जहां मुस्लिम अनुयायीयों के समस्त फिर्के पाए जाते हैं अन्यथा मुस्लिम देशों में भी समस्त फिर्के शायद ही पाए जाते हों। उक्त प्रस्ताव में इस संदर्भ में आगे कहा गया है कि अपनी प्राचीन संस्कृति और समृद्ध परम्पराओं के चलते सौहार्दपूर्ण विश्व का निर्माण करने के लिए भारत के पास अनुभव जनित ज्ञान उपलब्ध है। हमारा चिंतन विभेदनकारी और आत्मघाती प्रवृतियों से मनुष्य को सुरक्षित रखते हुए चराचर जगत में एकत्व की भावना तथा शांति सुनिश्चित करता है।

# साहिल कथुरिया को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं



आज साहिल 27 मार्च 2025 को 11 वर्ष के हो चुके है। इस खुशी के मौके पर ,आपके साथ मिलकर इसे मनाना हमारे लिए खुशी की बात है। हमारे दैनिक हिंदी समाचार पत्र (समाचार गेट) की ओर से, हम आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं और आपके आने वाले भविष्य की मंगल कामना करते हैं।

# संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा, पंजाब में पुलिस दमन के खिलाफ 28 मार्च को सभी जिलों में विरोध कार्यवाही करते हुए प्रदर्शन करेगा और ज्ञापन दिया जाएगा

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा, पंजाब में पुलिस दमन के खिलाफ 28 मार्च 2025 को सभी जिलों में विरोध कार्यवाही करते हुए प्रदर्शन करेगा और ज्ञापन दिया जाएगा। प्रदर्शन के माध्यम से गेहूं की फसल पर बोनस की मांग भी की जाएगी। उक्त निर्णय कल शाम को संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की ऑनलाइन मीटिंग में किया गया। प्रेस बयान जारी करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के नेताओं ने बताया कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के निर्देश पर, पंजाब पुलिस ने जगजीत सिंह दल्लेवाल और श्रवण सिंह पंधेर सहित 350 किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था। पुलिस ने खनौरी और शंभू सीमाओं पर आंदोलनकारी किसानों के तंबू और मंचों को बुलडोजर से गिरा दिया था और ट्रैक्टर ट्रेलरों, ट्रॉलियों और अन्य उपकरणों को जबरदस्ती हटा दिया था। 3 और 4 मार्च 2025 को पूरे पंजाब में इसी तरह का दमन किया गया था और 800 से अधिक एसकेएम कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया और यहां तक कि जेल भी भेजा गया ताकि 5 मार्च से चंडीगढ़ में एसकेएम द्वारा घोषित प्रदर्शन और सप्ताह भर के धरने को विफल किया जा सके। पुलिस दमन की ऐसी श्रृंखला का दृढ़ संदेश यह है कि आप के नेतृत्व वाली राज्य सरकार किसानों के जीवन और आजीविका में तबाही लाने वाली कॉरपोरेट नीतियों के खिलाफ विरोध करने के अधिकार का बलपूर्वक उल्लंघन कर रही है। खनौरी और शम्भू की पंजाब की सीमाएं आंदोलनकारी किसानों द्वारा नहीं बल्कि केंद्र सरकार के आदेश पर हरियाणा के पुलिस और प्रशासन द्वारा बंद की गई थीं। एसकेएम ने आरोप लगाया कि आप के नेतृत्व वाली राज्य सरकार कॉरपोरेट ताकतों के आगे झुक रही है और कॉरपोरेट समर्थक केंद्र सरकार के दबाव में आ रही है। पुलिस दमन के खिलाफ 28 मार्च को पूरे देश में जिला मजिस्ट्रेट कार्यालयों के सामने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा ने मीटिंग में चर्चा करते हुए कहा कि गेहूं पर बोनस की घोषणा की है। हरियाणा सरकार को भी गेहूं पर बोनस की घोषणा करनी चाहिए। इस मुद्दे पर भी 28 मार्च को ज्ञापन दिया जाएगा। मीटिंग में इंद्रजीत सिंह,बलबीर सिंह, रतन मान, रणबीर मलिक, जोगेंद्र नैन, सुरेश कोथ,जिया लाल ,जयकर्ण मांडोठी, बलराज, तेजिन्द्र सिंह रतिया, कंवरजीत सिंह,आजाद सिंह मिरान,बाबा गुरदीप, सुखविंदर,मास्टर सतीश,तिलक राज,करनैल सिंह,सुमित दलाल, प्रेम सिंह गहलावत आदि शामिल हुए।

# आफताब अहमद ने विधानसभा में उठाया नूंह में सैक्टर विकसित करने का मुद्दा

## मंत्री महिपाल ढांडा ने दिया विधायक को आश्वासन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** बुधवार को विधानसभा में बजट सत्र के दौरान नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने नूंह में सैक्टर विकसित करने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान नूंह में सैक्टर विकसित करने के लिए जमीन आवंटित कर दी गई थी लेकिन दशक के बावजूद अभी तक सैक्टर विकसित नहीं किए गए हैं।

दरअसल विधायक आफताब अहमद ने सरकार से सवाल किया कि हरियाणा अर्बन डेवलपमेंट एक्ट 1977 में लागू किया गया था जिसका उद्देश्य लोगों को आसान दरों पर शहरों में विकसित जमीन खरीदने बेचने व आवंटित करने का था जिसमें नो प्रॉफिट नो लॉस मुख्य आधार था लेकिन भाजपा सरकार ने चार दशक बाद ड्रा के बजाय निलामी से जमीन आवंटित करने का नियम बनाया जिससे हुडा का मूल मकसद खंडित हुआ है।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि ड्रा सभी लोगों को समान रूप से अवसर प्राप्त कराता था लेकिन निलामी में गरीब लोगों को समान अवसर प्राप्त नहीं होता है। इस पर मंत्री महिपाल डांढा ने कहा कि इसमें बदलाव समय के साथ किया गया है जो जरुरी व समय की मांग थी। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि 2009 में नूँह, तावडू में जमीन अधिग्रहण कर दी गई थी जिसे 2017 में भाजपा सरकार ने रद्द कर दिया लेकिन अब 2024 में माननीय हाईकोर्ट ने रद्दता को डिनोटिफाई कर दिया है और सरकार के पास जमीन उपलब्ध हो गई है।

विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि अब दोनों शहरों में सैक्टर विकसित किए जाए जिसकी नूंह व तावडू को सख्त जरूरत है इससे सरकार को निलामी के माध्यम से खरीददार मिल सकेंगे।

इसपर मंत्री महिपाल ढांडा ने विधायक आफताब अहमद को आश्वासन दिया कि विधायक की मांग व राय अच्छी है और सरकार इसपर गंभीरतापूर्वक विचार कर अमलीजामा जरूर पहनाएगी।

उधर विधानसभा में ये मांग उठने व बेहद सकारात्मक आश्वासन के बाद नूंह और तावडू के लोगों में खुशी देखने को मिली। लोगों का मानना है कि नूंह विधायक लगातार जरुरी मुद्दों को सदन में ना केवल उठा रहे हैं बल्कि सरकार से सकारात्मक आश्वासन दिलाने में भी कामयाब होते नजर आ रहे हैं।

# पिनगवां कस्बे में गर्ल कालेज बनवाने को लेकर पुन्हाना तहसीलदार के मार्फत मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** जिले के पिनगवां क्षेत्र के अंतर्गत लगते करीब चार दर्जन गांवों की छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए गर्ल्स कालेज नहीं है। बारहवीं तक शिक्षा ग्रहण करने के बाद छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने के लिए बाहर नहीं जा पाती हैं। क्षेत्र के लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से भी छात्राएं दूर और प्राइवेट संस्थानों में शिक्षा नहीं ले पाती हैं। जिससे हर वर्ष काफी संख्या में लडकियां उच्च शिक्षा की डिग्री लेने से वंचित रह जाती हैं। इसी को लेकर क्षेत्र के नासिर प्रधान पिनगवां, अजरूद्दीन, अख्तर, शौकीन, आजाद, शौकत, तौसीफ बिसरू ने तहसीलदार के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन देकर गर्ल्स कालेज बनवाने की मांग की है। जिला नूंह के पिनगवां ब्लाक के आसपास काफी गांव लगते हैं। जिनमें काफी संख्या में छात्राएं बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा लेने से वंचित रह जाती हैं। अभिभावक अपनी छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण कराने के लिए दूर यानि बाहर नहीं भेजते हैं। जरुरत बताते हुए ब्लाक के अंदर गर्ल्स कालेज खोलने की मांग की है। शाहिद खान, तहसीलदार रीडर पुनहाना ने कहा कि ज्ञापन प्राप्त हो चुका है, जिसे मुख्यमंत्री के समक्ष भेजा जाएगा। जिससे बालिकाओं के लिए गर्ल्स कालेज बन सके।

# एटीएम नही उगल रहे नोट, बने शोपीस



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**


**नूंह।** नूंह जिले के अधिकतर एटीएम नोट नहीं उगल रहे हैं। अधिकतर एटीएम शोपीस बनकर रह गए हैं। सबसे खास बात तो यह है कि लघु सचिवालय नूंह परिसर, राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ के अलावा एसबीआई पिनगवां इत्यादि बैंकों के बाहर लगे एटीएम पिछले काफी समय से खराब हैं। इन एटीएम से जो भी लोग रकम निकलवाने आते हैं, उन्हें खराब एटीएम देखकर मायूसी हाथ लगती है। दूसरी तरफ अब डिजिटल लेनदेन से लोगों को इसलिए डर सता रहा है कि साइबर ठगी के कारण उनके खाते बंद हो रहे हैं। अंडा व परचून इत्यादि की दुकान करने वाले पिनगवां कस्बे के सुनील कुमार ने पत्रकारों को बातचीत के दौरान बताया कि उनके कई खाते डिजिटल लेनदेन की वजह से बंद हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास रोजाना सैकड़ों ग्राहक आते हैं और उनमें से कई ग्राहक ऐसे होते हैं जो साइबर ठगी के पैसे का लेनदेन करते हैं। जिसकी वजह से दूर दराज राज्यों से उनके खाते बंद कर दिए जाते हैं। जिससे उन्हें बाद में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह कहानी सिर्फ सुनील कुमार की ही नहीं है। जिले के ऐसे हजारों लोग हैं, जिनका डिजिटल लेनदेन की वजह से खाता बंद हो चुका है। इन दिनों त्यौहारी सीजन चल रहा है। ईद उल फितर का त्यौहार नजदीक है तो नवरात्र भी नजदीक है। इसीलिए हर किसी व्यक्ति को पैसे की जरूरत है। कैश नहीं मिलने के कारण इंसान के पास डिजिटल लेनदेन का ही रास्ता बचता है, लेकिन एटीएम मशीन खराब होने के चलते कैश नहीं मिल पाता है और रही सही कसर डिजिटल लेनदेन की वजह से खाता बंद होना पूरी कर रहा है। इन दिनों इलाके के लोग खासे परेशान हैं। हर किसी को त्यौहार सीजन में जरूरी सामान की खरीदारी करनी है। सबसे खास बात तो यह है कि अब तो छोटे – छोटे फल, रेहडी, तरबूज इत्यादि बेचने वाले दुकानदार भी डिजिटल लेनदेन का शिकार हो रहे हैं और उनके खाते धड़ाधड़ बंद हो रहे हैं। जब इस बारे में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सागर से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी एटीएम मशीन खराब पड़ी हुई है, उनको जल्दी ठीक कराया जाएगा और उन्होंने यह भी कहा कि कहीं ना कहीं डिजिटल लेनदेन से आम आदमी बच रहा है, क्योंकि लगातार खाता बंद होने की शिकायतें आ रही है। जिससे लोगों को भारी दिक्कतें हो रही हैं।

# सर्वोदय स्कूल में नकल भंडाफोड़: 9 छात्र पकड़े गए, 8 सुपरवाइजर हटाए गए, परीक्षा केंद्र रद्द

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में नकल के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। नूंह जिले के ढिडारा गांव स्थित सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र में बुधवार को बोर्ड फ्लाइंग टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नकल सामग्री बरामद की। टीम ने 9 छात्रों को नकल करते रंगे हाथों पकड़ लिया, जिन पर यूएमसी केस दर्ज कर दिया गया है। बोर्ड फ्लाइंग टीम ने मौके पर मौजूद 8 सुपरवाइजरों को लापरवाही के आरोप में रिलीव कर दिया। इतना ही नहीं, परीक्षा केंद्र में बड़े स्तर पर नकल होने के कारण बोर्ड ने इसे पूरी तरह से रद्द कर दिया। अब यहां होने वाली आगामी परीक्षाएं किसी अन्य परीक्षा केंद्र में शिफ्ट की जाएंगी।

बोर्ड फ्लाइंग टीम के अनुसार, बुधवार को 12वीं कक्षा का हिंदी विषय का पेपर चल रहा था। टीम ने जैसे ही स्कूल परिसर में प्रवेश किया, वहां खिड़कियों और अन्य जगहों पर बड़ी संख्या में नकल की पर्चियां मिलीं। जांच करने पर पता चला कि परीक्षार्थी इन पर्चियों की मदद से नकल कर रहे थे। इस पर टीम ने 9 छात्रों को नकल करते हुए पकड़ लिया और उनके खिलाफ बोर्ड के नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की गई। बोर्ड फ्लाइंग टीम ने स्कूल संचालक को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया, जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या स्कूल प्रबंधन भी इस नकल प्रकरण में शामिल था या नहीं। वहीं सूत्रों के मुताबिक, स्कूल संचालक को बचाने के लिए कुछ स्थानीय लोग भी सक्रिय हो गए हैं।




इस मामले में परीक्षा ड्यूटी पर तैनात 8 सुपरवाइजरों को भी जिम्मेदार ठहराया गया और उन्हें तुरंत ड्यूटी से हटा दिया गया। नकल पकड़े जाने के बाद बोर्ड ने इस परीक्षा केंद्र को पूरी तरह से रद्द करने का निर्णय लिया। हरियाणा शिक्षा बोर्ड के नूंह प्रभारी रामकुमार परिहार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि जिले में बोर्ड परीक्षाओं में नकल के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे जिले की प्रदेश स्तर पर बदनामी हो रही है। इस साल कई परीक्षा केंद्रों पर नकल के मामले सामने आए हैं, जिसमें परीक्षार्थियों के साथ स्कूल संचालक और शिक्षक भी संलिप्त पाए गए हैं।

बोर्ड अधिकारियों ने साफ किया है कि नूंह जिले में बोर्ड परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। स्कूल संचालकों और शिक्षकों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है। पकड़े गए 9 छात्रों पर यूएमसी केस दर्ज कर उनकी परीक्षा रद्द की जा सकती है। 8 सुपरवाइजरों को ड्यूटी से हटाकर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक स्कूल संचालक से पूछताछ जारी है, अगर उनकी संलिप्तता पाई गई तो कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इस परीक्षा केंद्र पर अब आगामी परीक्षाएं नहीं होंगी, छात्रों को अन्य केंद्रों में शिफ्ट किया जाएगा। नूंह में बोर्ड परीक्षा में नकल की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे पूरे जिले की साख पर सवाल उठ रहे हैं।

# आरोही मॉडल विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 27 मार्च को



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** फिरोजपुर झिरका के गांव हसनपुर बिलोंडा में स्थित आरोही मॉडल स्कूल ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस वर्ष महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वर्ष विद्यालय ने जिला स्तर पर लंबी कूद व वॉलीबॉल में द्वितीय स्थान ( नाजिम कक्षा 11 अन्य )प्राप्त किया और विज्ञान के क्षेत्र में इंस्पायरअवार्ड ( अंजुम कक्षा 8) प्राप्त किया । इस के अलावा विद्यालय में कंप्यूटर लैब, वॉलीबॉल ग्राउंड, लाइब्रेरी, डिजिटल लब और विज्ञान लैब जैसे सुविधा उपलब्ध हैं । खंड शिक्षा अधिकारी उमर खान जी ने बताया की विद्यालय में गर्ल्स हॉस्टल की सुविधा मुफ्त में बालिकाओं के लिए इस वर्ष उपलब्ध करवाई जा रही है। विद्यालय इंचार्ज शैलेंद्र जैन ने बताया की दाखिला परीक्षा दिनांक 27 को विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी । स्कूल में दाखिले के एक इच्छुक विद्यार्थी 27 को प्रात: 9:00 बजे पहुंच कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं । परीक्षा का समय 10 से 12 का रहेगा। कॉमर्स प्रवक्ता श्री लेखराज जी ने बताया की विद्यालय का बोर्ड परिणाम भी हमेशा ही अच्छा रहता है । श्री विकास फॉर, श्रीमती प्रीति यादव, श्री परमवीर, कुमारी शीतल और श्री राजेश जी जैसे कुशल एवं परिश्रमी अध्यापकों ने विद्यालय विकास में महत्वपूर्ण योगदान अदा किया है।

# शहर में जगह-जगह टूटे नाली के जाल बने खतरे का सबब, महिला हुई चोटिल



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शहर में जगह-जगह नाली के ऊपर लगे जाल टूटे होने के कारण बुधवार को एक वृद्ध महिला का पैर अलझने से महिला चोटिल हो गई । चोटिल होने से महिला के पैर में गंभीर चोटें आईं हैं। शहर के चौक - चौहराहें एवं गलियों में नगरपालिका द्वारा नाली के ऊपर लोहे के जाल लगाए हुए है। शहर में लगे लोहे के जाल जगह जगह से टूट रहे हैं। वहां से गुजरने वाले लोगों के लिए खतरे का सबब बन रहे हैं। जबकि इन दिनों जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने जेसीबी मशीन के माध्यम से सड़क तोड़कर पानी की पाइप लाइन डलवाने का कार्य कर है। जिसके कारण शहर के चौक - चौहराहें एवं गलियों के आगे नाली के ऊपर लगे लोहे के जाल टूट रहे हैं। शहर में जबतक जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सड़क खुदवाकर पानी की पाइप लाइन डलवाने का कार्य पूरा नहीं होता जब तक जब नपा के कर्मचारी शहर में सड़क पुनर्निर्माण एवं नालियों के जाल नहीं लग सकतें हैं। वार्ड नं 12 के लोगो का कहना है कि फिलहाल वार्ड में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सड़क को तोड़कर पाइपलाइन नहीं डाली गई है। वार्ड 12 के रहने वाले रोहतास सैनी ने बताया कि हमारे वार्ड में 3 महीना पहले ही सड़कों का निर्माण हुआ है । और जगह जगह से जाल टूट रहे है। जाल टूटने से लोग चोटिल हो रहे है। शहर की नगरपालिका को इस ओर ध्यान देना चाहिए।


# ध्यानार्थ:

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### एलन मस्क के 14वें बच्चे का पंजाब से खास कनेक्शन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क हाल ही में 14वें बच्चे के पिता बने हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए अपने नवजात शिशु का नाम और उसकी जड़ों के बारे में जानकारी दी। मस्क ने बताया कि उनके बच्चे की जड़ें पंजाबी हैं और वह दिखने में भी पंजाबी जैसा लगता है। यह मस्क और उनकी चौथी पत्नी शिवॉन का चौथा बच्चा है और उन्होंने इसे सोने के दिल वाला बाजीगर बताया है। एलन मस्क की पत्नी शिवॉन का जन्म कनाडा के ओंटारियो में एक पंजाबी मां से हुआ था। वह गोरी हैं और बड़ी-बड़ी आंखों वाली हैं, जिनका यह गुण उनके नवजात शिशु को भी विरासत में मिला है। मस्क ने यह भी कहा कि उनका बच्चा दिखने में पंजाबी जैसा लगता है और उसकी जड़ें भी पंजाबी संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। एलन मस्क के बच्चों के नाम हमेशा से ही अनोखे और विशेष रहे हैं। उनके सभी बच्चों के नाम विज्ञान, पौराणिक कथाओं और उनके व्यक्तिगत रुचियों से प्रेरित होते हैं। मस्क और शिवॉन ने अपने चौथे बच्चे का नाम सैल्डन लाइकगर्स रखा है। सैल्डन नाम विज्ञान कथा लेखक इसहाक असिमोव के फाउंडेशन सीरीज के एक पात्र हरि सैल्डन से लिया गया है। हरि सैल्डन एक गणितज्ञ और भविष्यवादी थे, जिन्होंने साइको हिस्ट्री का विकास किया था। एलन मस्क साइंस फिक्शन के शौकीन हैं और यही कारण है कि यह नाम उनके लिए प्रेरणादायक था।

### अमेरिकी सीमा पर ड्रग तस्करी का खुलासा, लकड़ी के ढेर में छिपी थी कोकीन, कनाडाई ट्रक चालक गिरफ्तार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सीमा अधिकारियों ने डेट्रायट के एंबेसडर ब्रिज पर एक कनाडाई ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी तब हुई जब निरीक्षण के दौरान ट्रक में लकड़ी के ढेर के नीचे छिपाकर रखी गई 116 पाउंड कोकीन जब्त की गई। यह अमेरिका और कनाडा के बीच मादक पदार्थों की तस्करी के बढ़ते मामलों की ओर इशारा करता है अधिकारियों ने बताया कि नियमित जांच के दौरान लकड़ी के ढेर के नीचे तीन कचरा बैग बरामद किए गए, जिनमें कोकीन की 50 ईंटें रखी हुई थीं। इस बरामदगी के बाद ट्रक चालक को तुरंत हिरासत में ले लिया गया और ट्रक तथा ट्रेलर दोनों को जब्त कर लिया गया। यह मामला तब सामने आया जब कुछ ही महीने पहले, फरवरी में, एक अन्य कनाडाई ट्रक से 240 पाउंड कोकीन बरामद की गई थी। यह घटनाएं दर्शाती हैं कि सीमा पर ड्रग तस्करी के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है और अधिकारी लगातार चौकन्ने रहकर काम कर रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2025 की शुरुआत से अब तक मिशिगन के प्रवेश बंदरगाहों पर 1,300 पाउंड से अधिक कोकीन जब्त की जा चुकी है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि अमेरिका में अवैध ड्रग्स की तस्करी बड़े पैमाने पर की जा रही है और इसे रोकने के लिए कड़ी निगरानी की जा रही है। सीमा सुरक्षा एजेंसियां अब हाई-टेक स्कैनर और आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रही हैं ताकि अवैध रूप से देश में लाई जा रही नशीली दवाओं को पकड़ा जा सके। अधिकारियों का कहना है कि वे भविष्य में भी ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी बनाए रखेंगे।

### जर्मनी का ऐतिहासिक निर्णय, 80 साल बाद रक्षा बजट को दो गुना करने का किया ऐलान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकियों और वैश्विक संकटों के बीच जर्मनी ने अपने रक्षा बजट को बढ़ाने का ऐलान किया है। यह कदम द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 80 वर्षों में जर्मनी द्वारा उठाया गया ऐसा पहला बड़ा कदम है। नवनिर्वाचित चांसलर फ्रेडरिक मत्ज ने घोषणा की है कि जर्मनी अपनी जीडीपी का 3.5 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करेगा, जो वर्तमान बजट से लगभग दोगुना है। वर्तमान में जर्मनी का रक्षा बजट जीडीपी का करीब 2 प्रतिशत है। चांसलर मत्ज ने कहा कि यह निर्णय जर्मनी के सैन्य बल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए है और इसे ऐतिहासिक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 2005 में जर्मनी का रक्षा बजट केवल 1.1 प्रतिशत था। 2024 में जर्मनी का रक्षा बजट 8.5 लाख करोड़ रुपए था, और नए बजट में इसको और बढ़ाने का प्रस्ताव है। नई योजना के तहत जर्मनी का ध्यान मुख्य रूप से आधुनिक सैन्य उपकरणों और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि सिर्फ बजट बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि इसके साथ सेना में जवानों की संख्या बढ़ाना भी जरूरी होगा। जर्मनी की सेना की स्थिति भर्ती में कमी के कारण चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। जर्मनी की सेना में वर्तमान में 181,174 सैनिक हैं, जो सेना के लक्ष्य से काफी कम है। इसके अलावा, सेना की औसत आयु 32 वर्ष से बढ़कर 34 वर्ष हो गई है। 2011 में जर्मनी ने अनिवार्य सैन्य सेवा को समाप्त कर दिया था, लेकिन अब इसको फिर से शुरू करने की मांग उठ रही है। नई योजना के तहत जर्मनी अगले 10 वर्षों में रक्षा क्षेत्र पर 56 लाख करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बना रहा है। जर्मनी के अलावा, अन्य यूरोपीय देश जैसे फ्रांस, पोलैंड और ब्रिटेन भी अपने रक्षा बजट में वृद्धि कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यूरोप में अब एक नई सैन्य दौड़ शुरू हो गई है। जर्मनी के एक हालिया सर्वेक्षण के मुताबिक, 66 प्रतिशतलोग सेना के लिए खर्च बढ़ाने के पक्ष में हैं। नवनिर्वाचित चांसलर मत्ज ने कहा कि जर्मनी अब यूरोप में स्वतंत्रता और शांति की रक्षा के लिए एक प्रमुख नेतृत्व भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

# मुफ्तखोरों को बचाने से नफरत है, यूरोप पर भड़ास निकाल रहे थे उपराष्ट्रपति



**वाशिंगटन , एजेंसी।** यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों पर हमले को लेकर अमेरिका का एक वॉर प्लान लीक होने से हड़कंप मच गया है। ये वॉर प्लान सिग्नल ऐप पर एक ग्रुप में लीक हुआ जिसमें कथिततौर पर अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित कई शीर्ष मंत्री और अधिकारी जुड़े हुए थे। ये अधिकारी यूरोप पर अपनी भड़ास निकालते हुए उन्हें मुफ्तखोर तक कह रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने हूती विद्रोहियों पर हमले की योजनाओं को लेकर सिग्नल मैसेजिंग ग्रुप में बातचीत की थी, जिसमें गलती से द अटलांटिक मैग्जीन के प्रधान संपादक जेफ्री गोल्डबर्ग भी जुड़े हुए थे। यह घटना उस समय सामने आई जब गोल्डबर्ग ने 24 मार्च को एक आर्टिकल पब्लिश किया, जिसमें उन्होंने इस असाधारण सुरक्षा उल्लंघन का जिक्र किया। इस घटना ने अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और गोपनीयता प्रोटोकॉल पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

**व्हाइट हाउस से पत्रकार तक कैसे पहुंचा वॉर प्लान :** गोल्डबर्ग ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि उन्हें 13 मार्च को सिग्नल ऐप पर हूथी पीसी स्मॉल ग्रुप नामक एन्क्रिप्टेड चैट ग्रुप में शामिल कर लिया गया था। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज ने अपने डिप्टी एलेक्स वोंग को हूतियों पर अमेरिकी कार्रवाई के लिए टाइगर टीम तैयार करने का निर्देश दिया था। गोल्डबर्ग के अनुसार, 15 मार्च को यमन में हूथियों पर सैन्य हमले से कुछ घंटे पहले, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ग्रुप चैट में ऑपरेशन की जानकारी शेयर की, जिसमें लक्ष्यों, हथियारों और हमले की रणनीति से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां थीं। हालांकि, गोल्डबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में इन विवरणों को प्रकाशित नहीं किया, लेकिन उन्होंने इसे चौंकाने वाली लापरवाही करार दिया। अधिकारियों के बीच क्या बातचीत हुई? द अटलांटिक ने अपनी रिपोर्ट में इस ग्रुप चैट के स्क्रीनशॉट शेयर किए हैं। इनके मुताबिक, ग्रुप में अमेरिका के शीर्ष अधिकारी शामिल थे, जिनमें उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ, खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड, ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट और व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स प्रमुख हैं। ग्रुप में उपराष्ट्रपति वेंस ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से सवाल करते हुए पूछा कि क्या यूरोप को अमेरिकी समर्थन मिलना चाहिए? उनका कहना था कि इस क्षेत्र में समुद्री व्यापार में व्यवधान से सबसे ज्यादा यूरोप को नुकसान होगा। उन्होंने लिखा अगर आपको लगता है कि हमला करना सही है, तो चलिए करते हैं। लेकिन मुझे यूरोप को फिर से बचाने से नफरत है। इसके जवाब में हेगसेथ ने लिखा, उपराष्ट्रपति मैं भी यूरोप की मुफ्तखोरी से नफरत करता हूं। यह दयनीय है। द अटलांटिक ने बताया कि जे.डी. वेंस के रूप में पहचाने गए व्यक्ति ने हमलों के समय को लेकर चिंता जताई और कहा कि उन्हें एक महीने के लिए टालने के पक्ष में मजबूत तर्क हैं। उन्होंने लिखा, मुझे यकीन नहीं है कि राष्ट्रपति को इस बात का अहसास है कि यह यूरोप पर उनके मौजूदा संदेश से कितना असंगत है। एक और जोखिम यह है कि हमें तेल की कीमतों में मध्यम से गंभीर उछाल देखने को मिल सकता है। इसके बाद, उन्होंने कहा कि वह ग्रुप के आम सहमति का समर्थन करने को तैयार हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस पूरे घटनाक्रम पर अनभिज्ञता जाहिर की। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। मैं द अटलांटिक का बड़ा फैन नहीं हूं। हालांकि, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि इस मामले की जांच जारी है और ट्रंप को इसकी जानकारी दे दी गई है।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पत्नी के ग्रीनलैंड दौरे को लेकर बवाल



**न्यूयॉर्क एजेंसी।** अमेरिका की द्वितीय महिला उषा वेंस के ग्रीनलैंड दौरे को लेकर विवाद पैदा हो गया। दरअसल उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने रविवार को एलान किया कि वह इस हफ्ते ग्रीनलैंड की राष्ट्रीय डॉगस्लेड रेस, अवन्नाटा क्यूमुसेर्सु देखने जाएंगी और देश की सुंदर भूमि, संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानेंगी। उनके इस एलान को लेकर डेनमार्क के राज्य प्रमुख ने कहा है कि उनके प्रस्तावित दौरे से बड़ी गड़बड़ी होगी।ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूटे बोरुप एगेडे ने उनकी इस यात्रा का एकमात्र उद्देश्य शक्ति प्रदर्शन करना है। इससे हालात बिगड़ सकते हैं। प्रधानमंत्री एगेडे ने उषा वेंस की इस विजिट का बायकॉट करने का फैसला किया है। उन्होंने इस हाई प्रोफाइल विजिट को उकसाने वाला बताया है।

**क्या है इस यात्रा का उद्देश्य :** ग्रीनलैंड के कार्यालय के अनुसार, इस यात्रा का उद्देश्य ग्रीनलैंडिक संस्कृति और एकता का जश्न मनाना है, तथा वेंस और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल इस प्रतिष्ठित दौड़ का अनुभव करने के लिए उत्सुक हैं, जिसमें 37 मशर और 444 कुत्ते भाग लेते हैं।

**ऊषा वेंस ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया वीडियो :** भारतीय अमेरिकी द्वितीय महिला ने खुद को एक सांस्कृतिक राजदूत के रूप में प्रस्तुत किया। यात्रा के बारे में इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में, उन्होंने कहा कि अमेरिका को कुत्तों की दौड़ का समर्थन करने पर गर्व है और वह अपने बच्चों के साथ इसके बारे में सब कुछ पढ़ रही हैं। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले सालों में हमारे संबंध और मजबूत होंगे जो कुछ ग्रीनलैंडर्स के लिए अशुभ लग रहा था। अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पत्नी और अमेरिकी राष्ट्रपति के सर्वोच्च सुरक्षा सलाहकार का यहां आना केवल एक निजी यात्रा के रूप में नहीं देखा जा सकता।

## ट्रंप ने वेनेजुएला से ऑयल खरीदने वाले देशों पर लगाया 25 फीसदी टैरिफ

**वाशिंगटन/ह्यूस्टन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर भारी टैरिफ लगाने का एलान किया है। इन देशों पर ट्रंप 25 फीसद टैरिफ दो अप्रैल से लगाएंगे। हालांकि अमेरिकी तेल उत्पादक कंपनी शेवरॉन को थोड़ी राहत दी गई है। ट्रंप प्रशासन ने कपनी को वेनेजुएला में अपना कामकाज बंद करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। पहले अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने कंपनी को 30 दिन का समय दिया था। वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ के एलान से भारत और चीन जैसे देश प्रभावित हो सकते हैं। वेनेजुएला की सरकार ने कहा कि वेनेजुएला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए आक्रमण को दृढ़ता से और स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है। यह वेनेजुएला से तेल और गैस खरीदने वाले किसी भी देश पर 25 फीसद द्वितीयक टैरिफ लगाने का इरादा रखता है। यह मनमाना, अवैध और हताश करने वाला उपाय है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि वेनेजुएला के तेल के खरीदारों पर लगाया जाने वाला द्वितीयक टैरिफ 2 अप्रैल से लागू होगा। उन्होंने सोमवार को बाद में संवाददाताओं से कहा कि टैरिफ मौजूदा टैरिफ के अतिरिक्त होंगे। टैरिफ के एलान के बाद तेल की कीमतों में लगभग 1 फीसदी का इजाफा हुआ। फरवरी में चीन ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिदिन लगभग 503,000 बैरल कच्चा तेल और ईंधन वेनेजुएला से खरीदा।

# 130 साल पुराने हिंदू मंदिर की जगह बनेगी मस्जिद, प्रधानमंत्री करेंगे शिलान्यास

**क्वालालंपुर, एजेंसी।** मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में एक 130 साल पुराने हिंदू मंदिर को हटाने की योजना बनाई गई है। इस स्थान पर अब एक नई मस्जिद बनाई जाएगी, जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम करेंगे। इस फैसले से वहां की हिंदू और अन्य गैर-मुस्लिम आबादी में आक्रोश है। सरकार का कहना है कि मंदिर सरकारी जमीन पर बना था, जिसे 2014 में एक कपड़ा कंपनी जैकेल को बेच दिया गया था। देवी श्री पथराकालीअम्मन मंदिर 130 साल पुराना है और यह कुआलालंपुर के मध्य में स्थित है। यह मंदिर मस्जिद इंडिया के पास स्थित है, जो 140 साल पुरानी तमिल मुस्लिम मस्जिद के नाम पर बनी थी। हिंदू समुदाय का दावा है कि मंदिर का निर्माण मुस्लिम मस्जिद के 10 साल बाद हुआ था। ऐसे में इसे हटाने का निर्णय गलत बताया जा रहा है।

**कैसे हुई मंदिर की जमीन की बिक्री :** मलेशिया सरकार ने 2014 में इस जमीन को जैकेल नामक कंपनी को बेच दिया। इस कंपनी के दिवंगत संस्थापक मोहम्मद जैकेल अहमद ने इस भूमि को खरीदकर वहां मस्जिद बनाने की इच्छा जताई थी। उनका उद्देश्य था कि इसे मुस्लिम समुदाय के लिए उपहार के रूप में दिया जाए। हालांकि, इस निर्णय पर बीते कुछ हफ्तों में ही तीव्र प्रतिक्रिया सामने आने लगी।

**मंदिर हटाने पर क्यों हो रहा विरोध :** लॉयर्स फॉर लिबर्टी के कार्यकारी निदेशक जैद मालेक ने




इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की जल्दबाजी पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रबंधन, जैकेल और सिटी हॉल के बीच अब भी चर्चा जारी है और ऐसे में मस्जिद का शिलान्यास करना उचित नहीं है। सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर बहस तेज हो गई है। लोगों का मानना है कि इस कदम से धार्मिक भेदभाव उजागर होता है।

**प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की सफाई :** प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा है कि मंदिर कानूनी रूप से मान्य नहीं था और इसे हटाया जाएगा। हालांकि, सरकार मंदिर को स्थानांतरित करने और उसके लिए दूसरी भूमि देने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वह खुद को किसी मंदिर को गिरवाने वाला प्रधानमंत्री नहीं मानते और इस मामले को सौहार्दपूर्ण तरीके से हल किया जाएगा।

**हिंदू नेताओं की प्रतिक्रिया :** जातीय भारतीय पार्टी उरीमाई के पी रामासामी ने इस निर्णय की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह मंदिर मलेशिया की स्वतंत्रता से पहले से स्थापित है और इसे हटाना धार्मिक भेदभाव को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। कुछ मलय मुस्लिमों ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि चूंकि भूमि अब निजी स्वामित्व में है, इसलिए जैकेल कंपनी को अपनी योजना पूरी करने की अनुमति मिलनी चाहिए।

# भारत से हमें खतरा, चुनाव में दे सकता दखल

## कनाडा ने लगाया आरोप, विदेश मंत्रालय पहले ही दे चुका मुंहतोड़ जवाब

**ओटावा , एजेंसी।** कनाडा में प्रधानमंत्री बदल गया, लेकिन भारत के खिलाफ आग उगलना आज भी जारी है। अब कनाडा ने भारत पर फिर से बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। कनाडा की खुफिया एजेंसी ने कहा कि भारत और चीन उसके आगामी आम चुनाव में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर सकते हैं। यह आरोप दोनों देशों के साथ उसके बिगड़ते संबंधों के बीच आया है।

**खुफिया एजेंसी ने लगाए आरोप :** 28 अप्रैल को होने वाले चुनाव पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा में संचालन की उप निदेशक वैनेसा लॉयड ने कहा कि कुछ दुश्मन चुनावों में हस्तक्षेप करने के लिए एआइ का तेजी से लाभ उठा रहे हैं, जिसका जिक्र नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने की थी।

**भारत और चीन कर सकते चुनाव में हस्तक्षेप :** वैनेसा लॉयड ने कहा कि इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना इस मौजूदा



चुनाव में कनाडा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए एआइ-सक्षम उपकरणों का उपयोग करेगा। लॉयड ने आगे कहा कि चीन अपने हितों के अनुकूल कई नेरेटिव को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकता है। लॉयड ने आगे कहा कि चीन कनाडा में चीनी जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक समुदायों को भ्रामक साधनों का उपयोग करके लक्षित करता है।

**भारत के पास मंशा और क्षमता दोनों :** लॉयद ने चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप भारत पर भी लगाए। उन्होंने कहा कि हमने यह भी देखा है कि भारत सरकार के पास अपने भू-राजनीतिक प्रभाव को स्थापित करने के लिए कनाडाई समुदायों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने की मंशा और क्षमता दोनों है। जनवरी में भारत ने ओटावा के चुनावों में कुछ विदेशी सरकारों द्वारा हस्तक्षेप के कनाडाई आयोग की रिपोर्ट द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में भारत के आंतरिक मामलों में कनाडा के हस्तक्षेप पर भी पलटवार किया था। मंत्रालय ने कहा था कि हम भारत पर रिपोर्ट के आरोपों को खारिज करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अवैध प्रवास को सक्षम करने वाली सहायता प्रणाली को आगे भी समर्थन नहीं दिया जाएगा।

# एक दिन में बिक गए 1000 गोल्ड कार्ड!

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ वक्त पहले गोल्ड कार्ड स्कीम पेश की थी, जिसमं अमेरिका में 5 मिलियन डॉलर का निवेश करने वाले लोगों को परमानेंट रेजीडेंसी और ऑप्शनल सिटीजनशिप ऑफर की जाती है। ऐसा लगता है कि ट्रंप की ये पॉलिसी काफी हिट होने वाली है। यूएस कॉमर्स सेक्रेटरी के दावों से तो ऐसा ही लगता है। दरअसल अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी होवर्ड लुटनिक ने दावा किया है कि अमेरिकी सरकार ने एक ही दिन में 1000 गोल्ड कार्ड बेच दिए हैं।

**जल्द होगी ऑफिशियल घोषणा :** डोनाल्ड ट्रंप के गोल्ड कार्ड स्कीम की अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन दावा किया जा रहा है कि अगले दो हफ्तों में इसे आधिकारिक तौर पर रोलआउट कर दिया जाएगा। लुटनिक ने कहा कि एलन मस्क इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार कर रहे हैं।

एक पॉडकास्ट में बात करते हुए लुटनिक ने दावा किया कि गोल्ड स्कीम पाने के लिए कई लोग कतार में है। उन्होंने कहा कि अभी योजना शुरुआती चरण में है, लेकिन फिर भी कल मैंने 1000 गोल्ड कार्ड बेच दिए हैं। अमेरिका के लिए बड़ा बदलाव लुटनिक ने पॉडकास्ट में कहा कि अगर मैं अमेरिका का नागरिक



नहीं होता, तो मैं अपने पत्नी और बच्चों के लिए गोल्ड कार्ड खरीदता। अगर कभी देश में आपातकालीन स्थिति पैदा होती, तो मैं सीधा अमेरिका आ जाता।

अगर देखा जाए, तो लुटनिक का दावा अमेरिका की इकोनॉमी के लिए काफी महत्वपूर्ण बदलाव वाला साबित हो सकता है। अगर हर रोज अमेरिका में 1000 गोल्ड कार्ड बिक जाते हैं, तो इससे अर्थव्यवस्था को काफी बल मिलेगा। गोल्ड कार्ड के क्या फायदे? अमेरिका में गोल्ड कार्ड खरीदने के लिए 5 मिलियन डॉलर का निवेश करना होगा। गोल्ड कार्ड धारकों को कभी भी अमेरिका में आने और रहने का अधिकार मिलेगा। गोल्ड कार्ड धारक अमेरिका में नागरिकता भी हासिल कर सकते हैं, लेकिन यह वैकल्पिक है। गोल्ड कार्ड होल्डर्स को ग्लोबल टैक्स से छूट मिलेगी।

# एलन मस्क की स्पेस एक्स को नासा और पेंटागन से मिले बड़े कॉन्ट्रैक्ट्स

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार में अरबपति कारोबारी एलन मस्क का प्रभाव कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बढ़ता हुआ नजर आया। मस्क की कंपनी स्पेस एक्स को कई बड़े सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स मिल रहे हैं जिनमें से कुछ करोड़ों रुपए के हैं। अमेरिकी डिफेंस विभाग का मानना है कि स्पेस एक्स के जरिए दुनिया भर में हथियारों की सप्लाई की जा सकती है। इसके अलावा मस्क की कंपनी के स्टार लिंक सैटेलाइट इंटरनेट नेटवर्क की मदद से अमेरिका के ग्रामीण इलाकों में ब्रॉडबैंड नेटवर्क बिछाने का एक बड़ा प्रोजेक्ट चल रहा है जिसकी लागत लगभग 3.59 लाख करोड़ रुपए है। हालांकि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के समय इस प्रोजेक्ट से स्पेस एक्स को बाहर रखा गया था। वहीं मस्क ने सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख बनने के बाद काफी बदलाव किए। उन्होंने लगभग एक लाख कर्मचारियों को निकाल दिया और कई एजेंसियों को बंद कर दिया। इसके अलावा मस्क के प्रभाव में नासा ने अपना ध्यान मंगल ग्रह पर केंद्रित किया है और अब स्पेस एक्स को मंगल पर मानव भेजने का सरकारी कॉन्ट्रैक्ट मिलने की संभावना जताई जा रही है। व्हाइट हाउस और फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन जैसे महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तरों में हाल ही में स्टार लिंक सैटेलाइट डिश लगा दी गई हैं जो स्पेस एक्स की बढ़ती ताकत को दर्शाती हैं। बता दें कि जब ट्रम्प की दूसरी पारी शुरू हुई तब स्पेस एक्स ने सरकारी ठेकों में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी शुरू कर दी थी। 2024 में कंपनी को 32 हजार करोड़ रुपए के 344 कॉन्ट्रैक्ट मिले थे। अमेरिकी डिफेंस विभाग (पेंटागन) और नासा के साथ स्पेस एक्स के कॉन्ट्रैक्ट्स में भी इजाफा हुआ है। ट्रम्प सरकार



ने संचार सिस्टम और सैटेलाइट जैसे क्षेत्रों में निजी कंपनियों को प्राथमिकता देने की नीति बनाई थी जिसका फायदा स्पेस एक्स को हुआ। इन क्षेत्रों में स्पेस एक्स का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। वहीं स्पेस एक्स ने नए रॉकेट लॉन्च पैड बनाने और सरकारी अंतरिक्ष स्टेशनों से ज्यादा रॉकेट लॉन्च करने के लिए चार नए प्रोजेक्ट्स की मंजूरी मांगी है। इसके अलावा कंपनी ने अपनी स्टार लिंक सैटेलाइट सेवाओं के लिए और अधिक रेडियो स्पेक्ट्रम की मांग की है। इस महीने एक ऐसे सौदे को मंजूरी भी मिल चुकी है। इससे पहले ट्रम्प ने एफसीसी (फेडरल कम्युनिकेशंस कमिशन) के चेयरमैन को हटाकर मस्क के समर्थक ब्रेंडन कार को नया प्रमुख नियुक्त किया था। इस प्रकार मस्क की कंपनी स्पेस एक्स का अमेरिका की सरकार के साथ बढ़ता हुआ संबंध और सरकारी ठेके कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं और भविष्य में भी ये प्रोजेक्ट्स और ठेके कंपनी की सफलता को और बढ़ा सकते हैं।

# आईपीएल में आज लखनऊ सुपर जॉइंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद में होगी टक्कर

**हैदराबाद (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है। कप्तान ऋषभ पंत की सुपर जॉइंट्स की टीम को पहले ही मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हार मिली थी। ऐसे में उसपर किसी भी हाल में ये मैच जीतने का दबाव रहेगा। वहीं दूसरी ओर कप्तान पैट कमिंस की सनराइजर्स ने पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया था। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा और वह जीत की लय बनाये रखने उतरेगी। सनराइजर्स की दावेदारी इसलिए भी प्रबल मानी जा रही है क्योंकि उसके पास एक से बढ़कर एक आक्रामक बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमक को धवस्त कर सकते हैं।

रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम ने आईपीएल का अब तक का सबसे अधिक सकोर 286 रन बनाया था। उसके पास कई आक्रामक बल्लेबाज हैं जिनका अंकुश लगाना दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। कई प्रमुख गेंदाबाजों के चोटिल होने से भी सुपर जॉइंट्स की परेशानी बढ़ी है हालांकि इस मैच से पहले तेज गेंदबाजा आवेश खान के फिट होने से टीम को थोड़ी राहत मिली है।

सनराइजर्स की ओर से ईशान किशन ने पहले ही मैच में शतक लगाकर अपनी इरादे जाहिर कर दिये थे। अब उसे किसी प्रकार दिल्ली के गेंदबाज रोकेंगे ये देखना होगा। इसके अलावा टीम के पासा अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और हेनरिक क्लासेन और नीतीश कुमार रेड्डी जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। इस प्रकार के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने सुपर जॉइंट्स के गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।=लखनऊ के लिए चिन्ता की बात ये है कि उसके कप्तान ऋषभ पिछले मैच में शून्य पर ही आउट हो ये थे। इसके अलावा उनकी विकेटकीपिंग भी अच्छी नहीं थी और उन्होंने कई अवसर गंवाये थी। ऐसे में इस




मैच में उन्हें कोई गलती नहीं करनी होगी। लखनऊ के लिए पहले मैच में मिशेल मार्श और निकोलस पूरण ने आक्रामक अंदाज में पारी शुरु की थी और टीम चाहेगी कि इस मैच में भी ये दोनो ऐसा ही करें। बल्लेबाजी करके अर्ध शतक लगाए थे तथा टीम को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। टीम का मध्यक्रम पहले मैच में असफल रहा था। अब इस मैच में मध्यक्रम के बल्लेबाजों को भी रन बनाने होंगे। गेंदबाजी की बात करें तो पहले मैच में स्पिनर रवि बिश्नोई के अलावा अन्य गेंदबाज विफल रहे थे। टीम के तेज गेंदबाजों को भी इस मैच में अपनी भूमिका ठीक से निभानी होगी। दूसरी ओर सनराइजर्स की गेंदबाजी मो शमी, जयदेवा उनादकट जैसे तेज गेंदबाजों के अलावा स्पिनर एडम जंपा और राहुल चाहर पर आधारित रहेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, हेनरिक क्लासेन, ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, एडम ज़म्पा, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

# चोपड़ा ने किया गिल का बचाव, 'आप उम्मीद करते हैं कि शुभमन 10 में से 9 बार अच्छा प्रदर्शन करेंगे'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के पांचवें मैच में शुभमन गिल की पारी का विश्लेषण किया है, जहां पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटन्स से भिड़ रही थी। जियो हॉटस्टार पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को उम्मीद है कि शुभमन 10 में से 9 मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे, खासकर अहमदाबाद में। उन्होंने पावरप्ले में गिल द्वारा अजमतुल्लाह उमरजई और फिर मार्को जेनसन का सामना करने के बारे में भी बात की।

चोपड़ा ने कहा, 'शुभमन से आप लगभग उम्मीद करते हैं कि वह 10 में से 9 बार अच्छा प्रदर्शन करेंगे, खासकर अहमदाबाद में। एक ओवर ऐसा था जिसमें उन्होंने अजमतुल्लाह उमरजई और फिर मार्को जेनसन को पूरी तरह से पछाड़ दिया।' चोपड़ा का मानना है कि ग्लेन मैक्सवेल के हाथों शुभमन गिल का आउट होना एक बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए उनके आक्रामक रवैये का परिणाम था। उन्होंने कहा कि गिल का प्रदर्शन आशाजनक था और सुझाव है कि वह इस साल ऑरेंज कैप के लिए एक मजबूत दावेदार हो सकते हैं।

उन्होंने कहा, 'ग्लेन मैक्सवेल को आउट करने के लिए आप बहुत अधिक आलोचनात्मक नहीं हो सकते। 240+ का पीछा करते समय, खेलने का केवल एक ही तरीका होता है- आप चलते रहें, और रुकें नहीं। उच्च जोखिम वाले क्रिकेट का परिणाम यह होता है कि कभी-कभी आप आउट हो जाते हैं। लेकिन जब वह क्रीज पर थे, तो वे बहुत अच्छे दिखे। यह गुजरात टाइटन्स के लिए एक आशाजनक संकेत है। पिछला सीजन उनके लिए औसत दर्जे का रहा था, लेकिन इस साल मुझे उम्मीद है कि वे ऑरेंज कैप के लिए एक मजबूत दावेदार होंगे।'

# महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, फातिमा सना कप्तान बरकरार



**लाहौर (एजेंसी)।** ऑलराउंडर फातिमा सना को नौ से 19 अप्रैल तक लाहौर में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेने वाली पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार रखा गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चयनकर्ताओं ने युवा बल्लेबाज शवाल जुल्फिकार को कंधे की चोट से उबरने के बाद टीम में वापस बुलाया है। पाकिस्तान की अनुभवी ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान निदा डार को टीम में शामिल नहीं किया गया। डार और एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी आलिया रियाज को पिछले नवंबर में महिलाओं के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया था। लेकिन आलिया को क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम में चुना गया है।

पाकिस्तान लाहौर में आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर की मेजबानी कर रहा है, जिसमें बांग्लादेश, आयरलैंड, थाईलैंड, स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज भाग ले रहे हैं। यह इस साल पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जा रहा दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट है। इससे पहले नौ मार्च को पुरुषों की चैंपियंस ट्रॉफी खत्म हुई थी। पीसीबी ने कहा कि चयन समिति ने चल रहे तैयारी शिविर के दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस को देखने के बाद पाकिस्तानी टीम का चयन किया।

**पाकिस्तान टीम**

फातिमा सना (कप्तान), मुनीबा अली (उप-कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, गुल फिरोजा, नजीहा अल्वी (विकेटकीपर), नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज (विकेटकीपर) और सईदा अरूब शाह।

# हैदराबाद के इन प्लेयरों पर लट्टू हुए मैथ्यू हेडन, की यह भविष्यवाणी



**खेल डैस्क (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स के साथ आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले मैथ्यू हेडन ने आईपीएल 2024 में अपने प्रदर्शन के कारण चर्चा में रहने वाले 5 क्रिकेटर की भविष्यवाणी की है। हेडन ने शक्तिशाली बल्लेबाजी, खेल को बदलने की क्षमता और दबाव में मजबूत प्रदर्शन करने में मशहूर प्लेयरों के नाम लिए हैं-

**विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर)**

हेडन ने कोहली की निरंतरता और लक्ष्य का पीछा करते हुए सफल होने की क्षमता की अक्सर प्रशंसा की है, उन्हें उनके विकसित टी20 खेल के लिए ÷विराट कोहली 2.0÷ कहा है। केकेआर के खिलाफ आईपीएल 2025 के पहले मैच में 39 गेंदों पर 59 रन बनाने के साथ, कोहली का फॉर्म चर्चा का विषय बना हुआ है।

**ट्रैविस हेड (सनराइजर्स हैदराबाद)**

हेड ने हैदराबाद के लिए पहले ही मुकाबले में तेजतर्रार अर्धशतक जड़ा था जिसके चलते उनकी टीम 286 रन तक पहुंचने में सफल रही थी। उन्होंने पिछले सीजन में अभिषेक के साथ मिलकर मजबूत साझेदारियां की थी जिससे उनकी टीम फाइनल तक पहुंची थी। इस बार भी हेड शानदार फॉर्म के साथ लौटे हैं।

**अभिषेक शर्मा (सनराइजर्स हैदराबाद)**

अभिषेक ने उम्मीद मुताबिक पहले ही मुकाबले में तेजतर्रार शॉट लगाकर अपनी टीम को तेज शुरूआत दी। अभिषेक ने पिछले सीजन के 16 मैचों में 32 की औसत से 484 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 202 रही है। जबकि उनके बल्ले 36 चौके और 42 छक्के निकले थे। उन्होंने 2018 सीजन में डैब्यू किया था लेकिन 2022 सीजन में उनकी किस्मत चमकी जब उन्होंने 14 मैचों में 426 रन बनाए। 2023 में उन्होंने 226 रन बनाए थे।

**हेनरिक क्लासेन (सनराइजर्स हैदराबाद)**

क्लासेन 36 मैचों में ही 1000 रन पूरे कर चुके हैं। उन्होंने इस सीजन के पहले मुकाबले में 14 गेंदों पर 34 रन बनाए थे। 2024 सीजन में उन्होंने 16 मैचों में 39 की औसत से 479 रन बनाए थे। उनकी स्ट्राइक रेट 171 रही थी। उन्होंने 19 चौके और 38 छक्के लगाए थे। 2023 सीजन में भी उन्होंने 32 चौके और 25 छक्कों की मदद से 448 रन बनाए थे।

**महेंद्र सिंह धोनी (चेन्नई सुपर किंग्स)**

महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के सबसे प्रतिष्ठित और सफल खिलाड़ियों में से एक हैं। धोनी ने छ्स्य को पांच आईपीएल खिताब (2010, 2011, 2018, 2021, 2023) जिताए हैं, जो उन्हें आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक बनाता है। इस साल भले ही ऋतुराज गायकवाड़ के पास कप्तानी है लेकिन धोनी का टीम में योगदान कम नहीं है।

# भारत के युवा खिलाड़ियों को बेखौफ होकर खेलते हुए देखना शानदार : स्टोइनिस

नई दिल्ली ।ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर और आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे मार्कस स्टोइनिस भारतीय युवा खिलाड़ियों के बेखौफ होकर खेलने से काफी प्रभावित हैं ।रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने के बाद तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने आईपीएल में अपने पहले मैच में ही अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया। स्टोइनिस ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट में काफी गहराई है।वह हमेशा से रही है।और मेरा मानना है कि उनके खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपने कौशल का नमूना पेश करने का मौका मिल रहा है।' उन्होंने कहा, 'वे आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं।उन्हें अपने करियर के शुरू में ही आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में दबाव की परिस्थितियों से गुजरने का फायदा मिल रहा है।खेल के प्रति उनका बेखौफ रवैया वास्तव में शानदार है।पंजाब किंग्स की टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो इससे पहले कभी आईपीएल में नहीं खेले थे लेकिन वह बेहद प्रभावशाली हैं।'



# शुभमन ने हार के कारण बताये



अहमदाबाद ।गुजरात टाइंटस के कप्तान शुभमन गिल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले ही मैच में पंजाब किंग्स के हाथों मिली 11 रनों की हार के लिए खराब गेंदबाजी और बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया है।शुभमन ने कहा कि इस मैच में हमारे गेंदबाजों ने अधिक रन दिये।वहीं बल्लेबाजी के दौरान हम तेजी से रन नहीं बना पाये।यहां के से नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए इस मैच में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 243 का बड़ा स्कोर बनाया।जवाब में पंजाब किंग्स की टीम 232 रनों तक ही पहुंच पायी।शुभमन इस मैच में 14 गेंदों में 33 रन बना पाये।उन्होंने कहा कि हमने पहले हाफ के अंत में बहुत ज्यादा रन दिए।उन्होंने कहा, 'जब हम गेंदबाजी और बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हमें अवसर मिले पर हम उनका लाभ नहीं उठा पाये।पारी के अंत में हमने बहुत ज्यादा रन दिए।वहीं बीच के ओवरों में हमने 18 रन बनाए।इसके अलावा, पहले तीन ओवरों में हमने ज्यादा रन नहीं बनाए।इसकी कारण से मैच हमारे हाथ से निकल गया।' दूसरी ओर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों पर नाबाद 97 रन बनाये। श्रेयस ने अपनी पारी में नौ छक्के और पांच चौके लगाए।

# नीशम के 5 विकेट के बाद सीफर्ट की विस्फोटक पारी, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** जेम्स नीशम (पांच विकेट) और जैकब डफी (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद टिम सीफर्ट (नाबाद 97) की विस्फोटक पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को पांचवें और आखिरी टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 10 ओवर शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों सीरीज भी 4-1 से अपने नाम कर ली।

पाकिस्तान के 128 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टिम सीफर्ट और फिन एलन की सलामी जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले विकेट 93 रन जोड़े। सातवें ओवर में सुफियान मुकीम ने फिन एलन को बोल्ड कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। फिन एलन ने 12 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (27) रन बनाये। नौवें ओवर में मार्क चैपमैन (तीन) रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सुफियान मुकीन ने आउट किया।



टिम सीफर्ट ने 38 गेंदों में 10 छक्के और छह चौके लगाते हुए (नाबाद 97) रनों की विस्फोटक पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में दो विकेट पर 131 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। जेम्स नीशम को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा टिम सीफर्ट को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से सुफियान मुकीम को दो विकेट मिले।

इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 25 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए। हसन नवाज (शून्य), उमर युसूफ (सात) और मोहम्मद हरिस (11) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये कप्तान आगा सलमान ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

इसके बाद उस्मान खान (सात), अब्दुल समद (चार) नीशम ने आउटकर पवेलियन भेज दिया। शादाब खान ने 20 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (28) रनों की पारी खेली। उन्हें 17वें ओवर की पहली गेंद पर नीशम ने ही आउट किया। जहानदाद खान (एक) और सुफियान मुकीम (शून्य) को भी नीशम ने अपना शिकार बनाया।

आगा सलमान ने 39 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (51) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। न्यूजीलैंड के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 128 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड की ओर से जेम्स नीशम ने चार ओवर में 22 रन देकर पांच विकेट लिये। जैकब डफी ने चार ओवरों में 18 रन देकर दो विकेट झटके। बेन सियर्स, ईश सोढ़ी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# बोल्ड अंदाज में नजर आयी नताशा स्टेनकोविक

मुम्बई ।क्रिकेटर हार्दिक पांड्या से तलाक के बाद उनकी पूर्व पत्नी और सर्बियाई मॉडल नताशा स्टेनकोविक नताशा एक बार फिर भड़कीलें अंदाज में नजर आयीं हैं।नताशा ने सोशल मीडिया में अपनी बिकिनी की तस्वीरें साझा की हैं।वह समुद्र में मस्ती करती नजर आ रही हैं।क्रिकेट प्रशंसका भी नताशा के इस पुराने रूप को देखकर हैरान हैं। उनकी तस्वीरों पर कई कमेंट भी आ रहे हैं।हार्दिक नताशा स्टेनकोविक के अफेयर की शुरुआत 2018 में शुरू हुई जब वे मुंबई के एक नाइट क्लब में मिले। वहीं साल 2018 ~ में पंड्या ने मुंबई में एक भव्य जन्मदिन समारोह की मेजबानी की, जिसमें नतासा उपस्थित थीं। दोनों पहली बार मिले।वहीं साल 2020 ~ में कोरोना महामारी के बीच ही लॉकडाउन में दोनो की शादी हुई। वहीं इसके बाद दोनों के घर बेटे अगस्त्य पंड्या का जन्म हुआ, जो उनके रिश्ते में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।वहीं साल 2023 में इस जोड़े ने उदयपुर में ईसाई और हिंदू दोनों रीति-रिवाजों के साथ फिर से शादी की।वहीं इसके एक साल बाद ही दोनों की शादी टूटने की पहली बार अफवाह फैली।इसके बाद दूरियां बढ़ती गयीं और 2024 में ये दोनो आधिकारिक तौर पर अलग हो गये।इसके बाद नताशा सर्बिया लौट गई मॉडलिंग में लग गयी।



# इंपैक्ट प्लेयर नियम को अब टी20 क्रिकेट के विकास का हिस्सा मान रहे धोनी

**दुबई (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर बहस जारी है। जहां स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या इसे सही नहीं मानते। वहीं भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मेहेंद्र सिंह धोनी का मानना है कि जब इस नियम को पहली बार लागू किया गया तो वह इसकी जरूरत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे पर अब उन्हें लगता है कि ये टी20 क्रिकेट के विकास का ही एक हिस्सा है। धोनी हालांकि अपने को इंपैक्ट प्लेयर नहीं मानते हैं। इसका कारण है कि वह अभी भी विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाते हैं।

धोनी ने कहा, 'जब पहली बार यह नियम लागू किया गया तो मुझे लगा कि वास्तव में इसकी जरूरत नहीं है हालांकि कुछ हद तक ये उनके लिए फायदेमंद रहा भी और नहीं भी। साथ ही कहा कि मैं अभी विकेटकीपिंग कर रहा हूं, इसलिए मैं इंपैक्ट प्लेयर नहीं हूं। मुझे इसके अनुसार ही आगे बढ़ना होगा। कई लोगों का कहना है कि इस नियम के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं पर मेरा मानना है कि खिलाड़ियों के सहज होकर खेलने से ऐसा हो रहा है क्योंकि अब उनके ऊपर दबाव नहीं है। वहीं रोहित और पांड्या जैसे खिलाड़ियों का मानना है कि इस नियम से ऑल राउंडरों को नुकसान हो रहा है। टीम इंपैक्ट प्लेयर की भूमिका के लिए आक्रामक बल्लेबाजों को ही शामिल कर रही है।



धोनी ने कहा कि इस नियम से टीमों को कड़ी हालातों में एक अतिरिक्त बल्लेबाज रखने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि एक अतिरिक्त बल्लेबाज रखने के कारण ही बड़े स्कोर बन रहे हैं। यह मानसिकता से भी जुड़ा है। टीमों के पास अब एक अतिरिक्त बल्लेबाज की सुविधा है, इसलिए वे अधिक आक्रामक तरीके से खेल रही हैं। इसी से इस प्रारुप का भी विकास हो रहा है।

# स्पिनरों के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हैं श्रेयस : आकाश चोपड़ा



नई दिल्ली ।पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की जमकर प्रशंसा की है।उन्होंने कहा कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी 97 रनों की पारी के दौरान श्रेयस ने काफी अच्छे शॉट लगाये।आकाश ने अय्यर की पारी के असाधारण पहलू पर अपने विचार साझा किए, उन्होंने कहा कि यह एक शानदार पारी थी और खासकर स्पिन के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी काफी अच्छी थी।चोपड़ा ने यह भी कहा कि जब स्पिनरों को हिट करने की बात आती है तो श्रेयस बीच के ओवरों में सर्वश्रेष्ठ भारतीय बल्लेबाज हैं।आकाश ने कहा, यह स्पिन के खिलाफ काफी अच्छी बल्लेबाजी का उदाहरण था।मेरा मानना है कि जब स्पिनरों पर आक्रमण की बात आती है तो वह बीच के ओवरों में सर्वश्रेष्ठ भारतीय बल्लेबाज है। अक्सर बल्लेबाजों को ओवर टॉप हिट करने से पहले गति बनाने के लिए आगे आना पड़ता है पर श्रेयस को इसकी जरूरत नहीं है।इससे गेंदबाजों के लिए उनके अगले कदम का अनुमान लगाना कठिन हो जाता है। चोपड़ा ने श्रेयस अय्यर की बेहतर बल्लेबाजी तकनीक पर भी प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि अय्यर ने अपना रुख थोड़ा खोला है, जिससे उन्हें उन क्षेत्रों तक पहुंचने में मदद मिली है जहां वे पहले नहीं पहुंच पाते थे और शॉर्ट गेंदों को ज़्यादा प्रभावी ढंग से खेल पाते हैं।यह संतुलित रुख उन्हें गतिशील और नियंत्रण में रखता है, जिससे उनकी शॉट बनाने की क्षमता बढ़ती है।

# बीसीसीआई केन्द्रीय अनुबंध में रोहित सहित इन तीन दिग्गजों को हो सकता है नुकसान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आने वाले दिनों में केन्द्रीय अनुबंध की घोषणा कर सकता है। इसमें श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल , यशस्वी जायसवाल सहित कुछ खिलाड़ियों को लाभ हो सकता है जबकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों को नुकसान को सकता है। ये तीनो ही अभी ए प्लस वर्ग में हैं जिसमें तीनों प्रारुप खेलने वाले खिलाड़ी ही रह सकते हैं। इन तीनों ने ही टी20 प्रारुप से संन्यास ले लिया है। ऐस में इन तीनों को इस प्रारुप से बाहर किया जा सकता है। ए प्लस वर्ग में 7 करोड़ रुपये की रिटेनरशिप फीस मिलती है। वहीं ए वर्ग में खिलाड़ी को 5 करोड़ रुपये मिलते हैं जबकि ग्रेड-बी और सी में खिलाड़ियों को 3 करोड़ और 1 करोड़ रुपये मिलते हैं। केन्द्रीय अनुबंध राष्ट्रीय चयन समिति बनाती है।

पिछले साल बुमराह, रोहित, कोहली और जडेजा को ए प्लस में रखा गया था। अब केवल बुमराह ही ऐसे हैं जो तीनों प्रारुपों में खेलते हैं। वह टेस्ट के कप्तान भी बन सकते हैं। ऐसे में इस वर्ग में तीनो प्रारुपों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को जगह मिल सकती है। वहीं ए वर्ग से आर अश्विन बाहर होंगे क्योंकि उन्होंने संन्यास ले लिया है। अक्षर पटेल को लाभ हो सकता है। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टी20 प सीरीज के लिए उप-कप्तान बनाया गया था। उन्हें ग्रुप बी से ए में प्रमोट किया जा सकता है। अक्षर एकदिवसीय और टी20 दोनों में नियमित रूप से खेलते हैं। उन्होंने भारत के लिए 14 टेस्ट भी खेले हैं।

वहीं अय्यर को पिछले सीजन में अनुबंध नहीं मिला था पर इस सत्र में उन्होंने 11 एकदिवसीय मैच खेले हैं। इसलिए वह किसी वर्ग में वापस आ सकते हैं। केन्द्रीय अनुबंध सूची में आने के लिए खिलाड़ी को एक कैलेंडर वर्ष में तीन टेस्ट, आठ एकदिवसीय या 10 टी20 खेलने होते हैं। युवा यशस्वी जायसवाल को ग्रेड बी से ऊपर प्रमोशन मिल सकता है। उन्होंने सभी फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने सात टेस्ट खेले हैं जबकि सरफराज खान ने तीन टेस्ट खेले हैं। इन दोनों को ग्रुप सी में शामिल किया जा सकता है।

नीतीश कुमार रेड्डी ने पूरी बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेली है। इसलिए उन्हें भी केन्द्रीय अनुबंध सूची में शामिल कर लिया जाएगा। शार्दुल ठाकुर और रुतुराज गायकवाड़ पिछली सूची में थे। लेकिन इस बार वे जरूरी शर्तें पूरी नहीं कर रहे हैं। इसलिए वे सूची में नहीं होंगे। हालांकि, चयन समिति हेड कोच और सचिव से सलाह लेकर कुछ बदलाव कर सकती है।





# नागा चैतन्य ने अपनी 25वीं फिल्म की साइन? करेंगे किशोर की फिल्म

नागा चैतन्य ने फिल्म तंडेल में अपने शानदार अभिनय से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म उनके करियर की 100 करोड़ रुपये कमाने वाली हिट फिल्म रही और इस फिल्म से उनके फिल्मी करियर को एक नई दिशा भी मिली। कथित तौर पर नागा जल्द ही डेब्यू डाइरेक्टर किशोर के साथ अपनी 25वीं फिल्म की घोषणा करने वाले हैं। इन दिनों नागा साउथ निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडु के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। नागा जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग के खत्म होते ही अपने 25वें प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर देंगे। नागा चैतन्य ने नए डायरेक्टर किशोर के साथ यह फिल्म साइन की है।

### नागा की 25वीं फिल्म के डाइरेक्टर होंगे किशोर?

जानकारी के अनुसार, डेब्यू डाइरेक्टर किशोर की फिल्म में नागा चैतन्य को कहानी सुनते ही अपना किरदार बेहद पसंद आया और उन्होंने उनकी फिल्म करने के लिए तुरंत हामी भर दी है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हो सकता है की नागा आने वाले दिनों में इस फिल्म की घोषणा भी कर दें।

### नागा की फिल्म तंडेल रही हिट

नागा चैतन्य और साईं पल्लवी की हिट फिल्म तंडेल सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी रिलीज हो चुकी है। जानकारी के अनुसार, तंडेल 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर कई भाषाओं में रिलीज की जा चुकी है। इसकी घोषणा करते हुए ओटीटी पार्टनर नेटफ्लिक्स ने लिखा था, सरहदों के पार का सफर, हदों से परे की कहानी। तंडेल को 7 मार्च को नेटफिलक्स पर तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में देखें।

### ओटीटी पर भी उपलब्ध है तंडेल

तंडेल फिल्म श्रीकाकुलम के मछुआरों से जुड़ी वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है, जो अनजाने में पाकिस्तानी जलक्षेत्र में चले गए थे। तंडेल का निर्देशन चंदू मोंडेती ने किया है। इसकी पटकथा उन्होंने ही लिखी है और कहानी कार्तिक थीडा की है। नागा चैतन्य ने फिल्म में राजू का किरदार निभाया है और फिल्म की अभिनेत्री साई पल्लवी ने सत्या की भूमिका से सभी का दिल जीता लिया है।



# बिना सपोर्ट इंडस्ट्री में हूं, चैलेंजिंग रोल पसंद हैं

**पूर्व मिस इंडिया वर्ल्ड पूजा चोपड़ा जल्द ही खाकी द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज में दिखेंगी। उनसे सीरीज और करियर समेत पर्सनल लाइफ पर हुई खास बातचीत...**

### आपका किरदार सीरीज में क्या है और इस शो से कैसे जुड़ीं?

किरदार के बारे में मोटा-मोटा यही बता सकती हूं कि बहुत ही ज्यादा रेलेवेंट किरदार है। मेरा किरदार बहुत ही मॉडर्न इंडिपेंडेन्ट और इंटेलिजेंट घरेलू लड़की का है। इसके लिए जब मुझे कॉल आई तो मैं थाईलैंड में थी और बर्थडे सेलिब्रेट कर रही थी। कास्टिंग डायरेक्टर ने कहा कि ये नीरज पांडे सर का प्रोजेक्ट खाकी 2 है। तो मैं बहुत ही ज्यादा एक्साइटेड हो गई क्योंकि मैंने इसका पहला पार्ट देखा हुआ था।

### काम पाने के लिए सेल्फ अप्रोच रहता है या ऑफर्स खुद आते हैं?


मैं आउटसाइडर हूं। यहां मेरा कोई गॉडफादर नहीं है जो मुझे पार्टीज में या फिर ब्रेकफास्ट में इंट्रोड्यूस कराएंगे। जिन डायरेक्टर्स के साथ मैं काम करना चाहती हूं। उन्हें आगे से मैसेज करती हूं कि मैंने आपकी ये फिल्म देखी या आपकी बड़ी फैन हूं।

### जिस कॉज के तहत ब्यूटी विथ द पर्पस टाइटल मिला था। क्या वह अब भी करती हैं?

मैं आज भी उस कॉज (नन्हीं कली) के लिए मदद करती हूं। उस कॉज के तहत उन बच्चियों की मदद की जाती है जिन्हें उनके पैरेंट्स छोड़ देते हैं। मैं इससे इसलिए भी जुड़ी हूं क्योंकि मेरे खुद के पिता ने मुझे एक समय एक्सेप्ट करने से मना कर दिया था क्योंकि उन्हें लड़का चाहिए था।

### करियर में अब तक की सफलता को लेकर क्या कहेंगी?

चाहे किसी के लिए अच्छा हो या न हो पर मुझे पता है कि मैंने जो किया है, जहां मैं बैठी हूं वो अपने दम पर किया है। एक वक्त हमें दो वक्त की रोटी नसीब नहीं थी। आज मैं मुंबई में मेरी मां का सपना पूरा करके खुद का घर लेकर बैठी हूं। आज हम मां को विदेश ले जाते हैं हॉलिडे मनाने। ऐसा मेरी मां ने 40 साल पहले तो सोचा भी नहीं था कि मेरी बेटियां इतनी बड़ी हो जाएंगी कि मुझे प्राउड फील कराएंगी। बाकी मुझे हमेशा से चैलेंजिंग रोल करने पसंद हैं।




# अक्षय कुमार के साथ दोस्ती पर जॉन अब्राहम का खुलासा



जॉन अब्राहम ने अपने करियर में कई चर्चित सितारों के साथ काम किया है। अक्षय कुमार भी लिस्ट में हैं। जॉन अब्राहम और अक्षय कुमार ने साथ में काम कर दर्शकों का काफी मनोरंजन किया है। दोनों सितारे गरम मसाला और देसी बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। दर्शक दोनों को एक बार फिर साथ में देखना चाहते हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जॉन अब्राहम ने खिलाड़ी के साथ काम करने की संभावनाओं पर बात की।

### अक्षय के साथ काम करना हॉलीडे मनाने जैसा

जॉन अब्राहम ने अक्षय कुमार के साथ दोबारा काम करने की संभावनाओं पर चुप्पी तोड़ी। उनसे जब गरम मसाला और देसी बॉयज के सीक्वल के बारे में पूछा गया तो एक्टर ने कहा, हां, हम दोनों में से किसी एक या दोनों फिल्मों को बनाने को लेकर बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि वे मजेदार होंगी। मेरे लिए अक्षय के साथ काम करना छुट्टी मनाने जैसा है। वे एक अच्छे इंसान हैं, इसलिए हम अच्छा समय बिताएंगे।

### कॉमेडी फिल्में करना है पसंद

जॉन ने अक्षय के साथ अपनी मजबूत केमिस्ट्री के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि दो अभिनेताओं के बीच अक्षय और मेरे जैसी केमिस्ट्री है। इसके अलावा जॉन अब्राहम ने कहा कि उन्हें कॉमेडी फिल्में करना सबसे ज्यादा पसंद है। एक्टर ने कहा, मुझे कॉमेडी पसंद है। जब आप थिएटर जाते हैं, तो आप हंसना चाहते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि कॉमेडी मजेदार होती है।

### खुद को बताया अक्षय से ज्यादा पाबंद

इसके अलावा जॉन अब्राहम ने अक्षय कुमार के साथ अपनी दोस्ती पर भी बात की। उन्होंने कहा कि उनकी और अक्षय कुमार का लाइफस्टाइल एक जैसा है। जॉन ने कहा, हम दोनों जल्दी उठते हैं। हम दोनों जल्दी सोते हैं। वह वाकई बहुत अनुशासित है। मेरा मानना है कि मैं थोड़ा ज्यादा अनुशासित हूं। जॉन ने मजाकिया अंदाज में आगे कहा, लेकिन अनुशासित होने का काम उन्हीं पर छोड़ देते हैं। अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों फिल्म द डिप्लोमैट में नजर आ रहे हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन कर रही है।

# महिलाओं की अगली पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए करना चाहिए काम



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृतिका कामरा जल्द ही अपने गृहनगर मध्य प्रदेश जाने वाली हैं, जहां वे उन महिला कारीगरों के साथ समय बिताएंगी, जो महिलाओं को सशक्त बनाने वाली उनकी एक खास पहल का अहम हिस्सा हैं। उन्होंने यह पहल साल 2024 में शुरू की थी, जो महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद करती है। उनका कहना है कि वे हमेशा से अपने माध्यम का इस्तेमाल अगली पीढ़ी की महिलाओं को ऊपर उठाने के लिए करना चाहती थीं। कृतिका ने कहा, मेरी मां मध्य प्रदेश से हैं, इसलिए मेरे लिए इस जगह से गहरा और व्यक्तिगत जुड़ाव है। बचपन में उन्होंने मुझे चंदेरी और उसके खूबसूरत लोगों और कपड़ों की कारीगरी से परिचित कराया। उन्होंने कहा, जब हमने शुरुआत की थी, तो हमारा बड़ा लक्ष्य और कोशिश थी कि राज्य की महिलाओं, खासकर इस क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार दें, उन्हें सशक्त बनाएं और उनके काम को सामने लाएं। हम लगातार कोशिश कर रहे हैं कि रोजगार बढ़ाएं, इन महिलाओं को अपनी पहचान दें और उन्हें उचित कीमतों का अधिकार दिलाएं, ताकि उनकी जिंदगी बेहतर हो सके। उन्होंने आगे कहा, एक एक्ट्रेस के रूप में मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हमें अपनी आवाज का इस्तेमाल महिलाओं की अगली पीढ़ी को ऊपर उठाने के लिए करना चाहिए। हम आगे बढ़ने के साथ-साथ अधिक से अधिक महिलाओं के साथ काम करना जारी रखेंगे और उन्हें सशक्त बनाने में मदद करेंगे। बता दें कि कृतिका उन प्रतिभाशाली कारीगरों के साथ समय बिताने की योजना बना रही हैं, जो उनका समर्थन कर रहे हैं। कृतिका अवसर प्रदान करने और जमीनी स्तर की प्रतिभाओं के योगदान को पहचानने के महत्व को समझती हैं, खासकर मध्य प्रदेश के चंदेरी में गहरी सांस्कृतिक जड़ें रखने वाले हथकरघा और कपड़ा उद्योगों में।



# शादी के बाद फिल्मों में वापसी करेंगी अदिति राव हैदरी

**अदिति राव हैदरी को लेकर खबर है कि वह अनिल रविपुडी द्वारा निर्देशित एक आगामी प्रोजेक्ट में मेगास्टार चिरंजीवी के साथ काम करने के लिए बातचीत कर रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस अनाम फिल्म में अदिति राव हैदरी को मुख्य अभिनेत्री तौर पर कास्ट किया जाएगा। यह साउथ अभिनेता सिद्धार्थ के साथ उनकी शादी के बाद पहली फिल्म होगी।**

### विश्वंभरा की शूटिंग में व्यस्त हैं चिरंजीवी

चिरंजीवी फिलहाल वशिष्ठ द्वारा निर्देशित और यूवी क्रिएशन द्वारा निर्मित विश्वंभरा के निर्माण में व्यस्त हैं। फिल्म के शानदार विजुअल ट्रीट की उम्मीद है और इसे जल्द ही रिलीज किए जाने की संभावना है। विश्वंभरा की शूटिंग पूरी करने के बाद चिरंजीवी एक अन्य फिल्म के लिए निर्देशक श्रीकांत ओडेला के साथ काम करेंगे। रविपुडी के साथ उनकी अगली फिल्म बेहद खास होगी

### तेलुगु सिनेमा में अदिति की वापसी

अदिति राव हैदरी ने सिद्धार्थ से शादी के बाद से किसी नई फिल्म की घोषणा नहीं की है। हालांकि, अगर वह चिरंजीवी की फिल्म में भूमिका निभाती हैं तो इसका मतलब होगा कि यह उनके लिए तेलुगु सिनेमा में वापसी होगी और शादी के बाद उनकी पहली बड़ी फिल्म भी होगी। प्रशंसक इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में उनके शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं।

आखिरी बार हीरामंडी में नजर आई थीं अदिति

अदिति राव हैदरी को आखिरी बार नेटफ्लिक्स की हीरामंडी- द डायमंड बाजार में देखा गया था, जो 2024 की हिंदी भाषा की पीरियड ड्रामा सीरीज है। यह संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित और निर्देशित है। यह शो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाहौर के हीरा मंडी में वेश्याओं के जीवन पर केंद्रित है। इसमें मनीषा कोइराला , सोनाक्षी सिन्हा और ऋचा चड्ढा जैसे कई सितारे शामिल थे।



# इंडो-अमेरिकन फिल्म के लिए साथ आए मनोज बाजपेयी-राणा दग्गुबाती

पिंजर (2003) की रिलीज के बाद मनोज बाजपेयी अभिनेता फ्रैंक लैंगेला के साथ एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म में अभिनय करने वाले थे, लेकिन यह प्रोजेक्ट सफल नहीं हुआ। दो दशक से अधिक समय बाद मनोज बाजपेयी ने अपनी फिल्मोग्राफी में एक इंडो-अमेरिकन फिल्म को जोड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता अब अमेरिकी फिल्म निर्माता बेन रेखी द्वारा निर्देशित एक अनाम हिंदी सोशल ड्रामा फिल्म में काम कर रहे हैं, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था।

### मनोज बाजपेयी की पहली इंडो-अमेरिकन फिल्म

दिलचस्प बात यह है कि फिल्म का निर्माण राणा दग्गुबाती ने किया है, जो मनोज बाजपेयी के साथ उनका पहला सहयोग है। यह कथित तौर पर मनोज बाजपेयी की पहली इंडो-अमेरिकन फिल्म भी होगी। बेन रेखी इस अनाम नाटक की कहानी लिखी है। यह कहानी मनोज बाजपेयी द्वारा अभिनीत एक आम आदमी पर आधारित है, जिसकी पारिवारिक कठिनाइयां उसे एक उद्देश्य के लिए लड़ने के लिए मजबूर करती हैं।

### राणा दग्गुबाती कर रहे फिल्म का निर्माण

मिड-डे की रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की कहानी परिवार की यात्रा के माध्यम से एक सामाजिक मुद्दे को उजागर करेगी। इस फिल्म की शूटिंग पिछले साल मुंबई में हुई थी और इसके कलाकारों में शहर के कुछ थिएटर कलाकार भी शामिल हैं। राणा दग्गुबाती का प्रोडक्शन हाउस स्पिरिट मीडिया इस प्रोजेक्ट का निर्माण कर रहा है।

### फिल्म की कहानी

अभिनेता-निर्माता राणा दग्गुबाती और मनोज बाजपेयी पिछले कुछ वर्षों में डिस्कवरी प्लस शो के जरिए एक-दूसरे से मिले थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह राणा के प्रोडक्शन और लॉस एंजिल्स स्थित बैनर के बीच सहयोग है। मनोज एक आम आदमी की भूमिका निभा रहे हैं, जिसका परिवार मुसीबत में फंस जाता है और उसे एक मुद्दे के लिए लड़ना पड़ता है। निर्माता रिलीज योजना को अंतिम रूप देने तक इस फिल्म को गुप्त रख रहे हैं।



# करण कुंद्रा ने तेजस्वी संग शादी पर की खुलकर बात



अभिनेता करण कुंद्रा ने खुलकर बात की। बातचीत के दौरान तेजस्वी प्रकाश के साथ अपनी शादी को लेकर उन्होंने कई जानकारी भी शेयर किए। एक पुराने वीडियो का जिक्र करते हुए करण ने शादी की क्या योजना है इस पर मजाकिया अंदाज में बताया, मुझे लगता है कि वह एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) था। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि जब समय आएगा, तो मैं इसके बारे में सोचना शुरू कर दूंगा। मैं यह भी विचार करूंगा कि शादी का आयोजन बड़े या फिर छोटे पैमाने पर होगा। करण ने बताया कि तेजस्वी मेरे लिए बेहद खास है। करण और तेजस्वी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं, जैसा कि तेजस्वी की मां ने हाल ही में 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के एक एपिसोड में पुष्टि की थी। जब फराह खान ने तेजस्वी की मां से पूछा, दोनों की शादी कब होगी? तो उन्होंने उत्साह से जवाब दिया, इसी साल शादी हो जाएगी।

समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-2 ने वितरित की 5 लाख की स्कॉलरशिप

**सेक्टर-2 स्थित विद्यासागर इंटरनेशल स्कूल में बच्चो को स्कॉलशिप देने पहुंचे नवनियुक्त बल्लबगढ़ जिला अध्यक्ष सोहनपाल छोंकर**



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** सेक्टर-2 स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार व रविवार को दो दिवसीय वार्षिक स्कॉलरशिप उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग 50 विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप मिली। इस क्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। नन्हें-मुन्हों द्वारा सास्कृतिंक कार्यक्रमों ने विद्यालय के प्रांगण में उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। प्रथम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर गणेश वंदना से किया। वहीं दूसरे दिन में मुख्यअतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्ति बल्लभगढ़ जिलाध्यक्ष सोहन पाल छोकर की गरिमामय उपस्थिति रहीं। इस क्रम में बल्लभगढ़ जिलाध्यक्ष सोहनपाल छोकर ने विद्यालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष बनने के उपरांत यह उनका पहला कार्यक्रम है, जो उनको सदैव याद रहेगा। वहीं उन्होंने विद्यालय द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करने पर कहा कि इस तरह का कदम सभी विद्यालय को उठाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों में शिक्षा को लेकर प्रतिस्पर्धा आतीं है और विद्यार्थियों को भविष्य में आगे बढने. का जज्बा जागता है। सभी अभिभावकों को अपने बच्चो के साथ मज़बूती से खड़ा रहना चाइये ।क्यूंकि हर बच्चे को सबसे जूयादा जरूरत अपने अभिभावक के सहयोग और प्रोत्साहन की होती है।

उपस्थित अभिभावकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने कहा कि विद्यालय प्रत्येक वर्ष मेधावी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देता रहा है। इसी क्रम में आज विद्यार्थियों को स्कूल की तरफ से स्कॉलरशिप दी गई है। इसके लिए उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। वहीं चैयरमेन धर्मपाल यादव ने मुख्यातिथि को शॉल देकर सम्मान किया और जानकारी दी कि 29 मार्च को ग्रेटर फरीदाबाद सथित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल घरौड़ा में स्कॉलरशिप समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस कड़ी में विद्यालय के निदेशक दीपक यादव ने कहा कि विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है, जहां इस प्रयास में पिछले कई वर्षो से विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं को अपनी-अपनी कक्षा में बेहतर कार्य करने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम का आयोजन कर प्रोत्साहित किया जाता है। इस क्रम में सभी कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यालय में इस बार लगभग 50 विद्यार्थियों को पांच लाख रुपए की स्कॉलरशिप दी है, लेकिन यह गर्व की बात है कि एक तो इस बार भी स्कॉलरशिप में छात्राएं आगे रहीं वहीं दूसरी बात यह रहीं कि इस बार एक ही कक्षा के चाहे चार सेक्शन रहे सभी सेक्शन (उपविभाग)में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्याथियों को इस स्कॉलरशिप से नवाजा गया। इस कड़ी में दीपक यादव ने विद्यालय में पहुंचे मुख्यातिथि को पौधा भेंटकर सम्मान किया। विद्यालय में पहुंचने पर सेक्टर-2 की निदेशक सुनिता यादव एवं प्रिंसिपल स्वेता ने मुख्यातिथि का राधा-कृष्ण की छवि का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। जबकि कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य स्वेता ने इस वार्षिक आयोजन में पहुंचने पर अतिथि, अभिभावक का आभार व्यक्त करते हुए स्कॉलरशिप मिलने का विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम को बेहतर बनाने में सीनियर कॉडिनेटर रेनू, मीडिल कॉडिनेटर नेहा व जूनियर कॉडिनेटर रमा और उनकी पूरी टीम का सहयोग रहा।

# सूरजगढ़ फार्म्स वाइल्डवडी थीम पार्क पर यात्रा का आयोजन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** आईआईसी के तत्वावधान में अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ के कंप्यूटर विज्ञान और प्रबंधन विभागों ने 25 मार्च, 2025 को सूरजगढ़ फार्म (वाइल्डवडी थीम पार्क), गुरुग्राम में अविस्मरणीय कॉलेज ओडिसी पर एक यात्रा का आयोजन किया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार गुप्ता, महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में इस तरह की यात्राएं नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सचिन गर्ग, प्रभारी विंग 1के प्रभावी नेतृत्व में किया गया। इस यात्रा में कम्प्यूटर विज्ञान एवं प्रबंधन के 45 छात्रों का एक समूह गया था।




डॉ. शिल्पा गोयल और मोहिनी वर्मा इस यात्रा की संयोजक थीं। उन्होंने छात्रों को इस यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया ताकि वे इस देश की सांस्कृतिक नींव के बारे में अपने ज्ञान को बढ़ा सकें। यह फार्म पारंपरिक गाँव के अनुभवों, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक आकर्षणों का एक जीवंत मिश्रण प्रदान करता है। इसने विभिन्न बाहरी गतिविधियाँ, जंगल सफारी, जादू शो, ज़िपलिंग, स्काईसाइक्लिंग, मेहंदी, मिट्टी के बर्तन, रेन डांस, ऊँट की सवारी, एटीवी की सवारी, बुल्स आई, एयर हॉकी, टेबल टेनिस, कठपुतली शो, तीरंदाजी, पानी के खेल और जातीय भोजन प्रदान किए। यह स्थल अपने पारिवारिक माहौल के लिए जाना जाता है, जो इसे समारोहों, पार्टियों और टीम-निर्माण कार्यक्रमों के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है। अपने देहाती आकर्षण और आकर्षणों की विविधता के साथ, इस यात्रा का समन्वय निशा चौधरी, दीपमाला और मोहित हुड्डा ने किया। छात्रों ने इस यात्रा से बहुत कुछ सीखा और उनके उत्साह और प्रोत्साहन ने इस यात्रा की सफलता को साबित कर दिया।

# निगम कमिश्नर और सफाई कर्मचारी यूनियन के साथ बैठक रही सकारात्मक

**बैठक में यूनियन की अन्य मांगो पर भी लिया जाएगा उचित फैसला : कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास**

**पोर्टल पर लगेगी सफाई कर्मचारियों की हाजरी।**



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** नगर निगम सफाई कर्मचारियों की माँगो को लेकर निगमायुक्त ए मोना श्री निवास ने सम्बनधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कर्मचारियों की माँगो पर अमल कर उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए । बता दें कि नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास और सफाई कर्मचारियों की यूनियन के प्रतिनिधियों से मुलाकात सकारात्मक रही। बैठक में कमिश्नर ने कर्मचारियों की उचित मांगों को लेकर चर्चा की और कर्मचारियों को जल्द से जल्द उनके एजेंडा को पूरा करने का आश्वासन दिया ।बैठक में यूनियन के कर्मचारियों ने भी कमिश्नर को आश्वासन दिया की उनके कर्मचारी साथी पूरी मेहनत और लग्न के साथ कार्य करेंगे । बैठक में पोर्टल पर हाजरी लगाने की बात पर सहमति बनी और अब आगे भी सफाई कर्मचारियों की हाजरी पोर्टल पर ही लगेगी ।

**कर्मचारियों ने भी कहा कि वे पूरी मेहनत और लग्न से कार्य करेंगे**

बता दें की आज दोपहर को लंच के समय में कर्मचारी इकट्ठा होकर निगम मुख्यालय पहुंचे थे, उनके साथ उनकी यूनियन के पदाधिकारी भी थे।

यूनियन के राज्यप्रधान नरेश शास्त्री और फरीदाबाद निगम कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर बालगुहेर ने निगमायुक्त से अपनी मांगे रखी जिन माँगो में मुख्यरूप से ह्य2द्व पोर्टल पर सफाई कर्मचारियों की हाजरी लगाने का मुद्दा के अलावा डैथ केस में कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी के अलावा लगभग 90 कर्मचारियों के पीएफ संबंधी माँग और लगभग 500 सफ़ाई कर्मचारियों को कोशल विभाग से नौकरी लगवाने जैसी अन्य मांगे रखी गई। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कर्मचारियों को यूनिफॉर्म की राशि भी वेतन में जोड़कर दी जाये,साथ ही सैनेटरी से संबंधित जरूरी सामान भी समय पर उपलब्ध कराया जाए। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मृतक सफाई कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी पर रखने की कार्रवाई को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाए.इसके अलावा कमिश्नर ने कहा की स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग आने के बाद सफाई के अच्छे कार्य के लिए भी सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। इस बैठक में एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल,सफाई निरीक्षक राज्य प्रधान नरेश शास्त्री, फ़रीदाबाद यूनियन के प्रधान बलवीर बाल गुहेर, अनिल चिंडालिया, नरेश भगवाना, श्रीनंद ढकोलिया, महेंद्र कुड़यि़ा, गुरचरण खंडिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# श्री वैश्य अग्रवाल समाज बल्लभगढ़ का चुनाव 11 मई को

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** श्री वैश्य अग्रवाल समाज बल्लभगढ़ के पदाधिकारियों का चुनाव 11 मई को किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता पीके मित्तल ने बताया कि 26 एवं 27 अप्रैल को नामांकन स्वीकार किए जाएंगे एवं 30 अप्रैल को नाम वापस लिए जा सकते हैं। उसके बाद यदि अनिवार्य हुआ तो 11 मई को मतदान होगा। मतदान में सभी सदस्यों को भाग लेने का अधिकार है। चुनाव अधिकारी की घोषणा से पहले अग्रवाल धर्मशाला में सदस्यों की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। सभा में सर्वप्रथम श्री वैश्य अग्रवाल समाज के महासचिव लोकेश अग्रवाल ने विगत वर्षों में किए कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया। समाज के कोषाध्यक्ष नरेश मंगला ने आय - व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। उसके पश्चात संस्था के अध्यक्ष भगवान दास गोयल ने विगत वर्षों में सहयोग के लिए सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी एवं सदस्यों का आभार जताते हुए सभी पदाधिकारियों के पदमुक्त होने की घोषणा की। चुनाव अधिकारी पीके मित्तल ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पूर्व पदाधिकारियों के चुनाव के लिए सर्वसम्मति बनाने का प्रयास किया। सर्वसम्मति न बनने पर उन्होंने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की।

# साइबर अपराध के खिलाफ 1930 पर करें शिकायत : डीसी

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन खरीदारी और डिजिटल पेमेंट का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। उन्होंने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। डीसी ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। डीसी ने जिला के युवाओं से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जितनी जल्दी सूचना दी जाए, उतना ही बढ़यि़ा ताकि आगे की ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए पीड़ति को त्वरित सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति साइबर क्राइम की वेबसाइट http://www.cyber-crime.gov.in पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।




# बूथ मजबूत कर संगठन को मजबूती देना, उनका पहला लक्ष्य : पंकज रामपाल

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने भाजपा कार्यालय 'अटल कमल' पर मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर हैं । जनता का पीएम मोदी और भाजपा के प्रति विश्वास और स्नेह का परिणाम है कि केंद्र और राज्य में लगातार 3 बार भाजपा की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना थके, बिना रुके प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं। प्रदेश में युवाओं को बिन पर्ची और बिन खर्ची के नौकरियां मिल रही है। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार ने पिछले 10 सालों में युवाओं, गरीबों, किसानों, और महिलाओं का विकास कर उनको मजबूत करने का कार्य किया है। बैठक में जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स और जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा मुख्य तौर पर उपस्थित रहे । भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने मंडल अध्यक्षों के साथ जिला अध्यक्ष के तौर पर अपनी पहली बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि बूथ को मजबूत कर संगठन को मजबूत करना उनका पहला लक्ष्य है। मंडल की कार्यकारिणी का गठन कर अपने मंडल को सक्रिय मंडल बनाने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करना है। श्री रामपाल ने कहा कि हम एक अनुशासित संगठन हैं, अनुशासन ही हमारी पहचान है। हमारे पास जिस प्रकार की निष्ठा, समर्पण और अनुशासन है, वह किसी भी अन्य दल के पास नहीं है।




मंडल अध्यक्ष अपनी अनुशासित कार्य शैली से बूथ समितियों की संरचना कर अपने मंडल को मजबूत करें। कार्यकर्ता लोकसंवाद और लोक संपर्क से बूथ को मजबूती प्रदान करने का कार्य करें और घर घर तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं ताकि सरकार की जनहित योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचें। भाजपा जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स ने कहा कि फरीदाबाद के कार्यकर्त्ता बहुत ही निष्ठा और मेहनत से काम करते हैं जिसका परिणाम रहा कि फरीदाबाद में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनी और मेयर चुनाव में तो देश की सबसे बड़ी जीत दर्ज की । श्री वत्स ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती हमेशा से भाजपा की पहचान रही है । भाजपा का हर कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से अपील की कि उनके बूथ के कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनसंपर्क बढ़ाएं, भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें और संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का कार्य करें।

**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट**
**संपर्क करें: 9811153271**




davaindia GENERIC PHARMACY

| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| डर्मा | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |

फार्मा में 35+ सालों का अनुभव | NABL लैब द्वारा प्रमाणित प्रोडक्ट्स | सभी प्रोडक्ट्स WHO सर्टिफाइड प्लांट्स में निर्मित | 2000+ प्रोडक्ट्स उपलब्ध

Khadi India
के सभी प्रोडक्ट्स उपलब्ध



1000+ Stores | 200+ Districts | 26 States
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे 9811153271

OMAXE
Turning dreams into reality
250 Sqft. Shop
Starts @35.87 Lakhs
Monthly Rent 37,125/-
INVESTOR SMILE REAL ESTATE
9899403449, 9810796736